**रोहतक**
गुरुवार, 20 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 144
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 44.4
न्यून. 34.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


05 मंधाना का रिकॉर्ड लगातार दूसरा शतक, हरमनप्रीत 103 पर नाबाद

**पार्टी में शामिल होने के बाद भाजपाध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात**

# किरण चौधरी ने बेटी श्रुति के साथ थामा भाजपा का दामन, सीएम नायब सैनी और मनोहर लाल की मौजूदगी में ग्रहण की सदस्यता

**हुड्डा पर निशाना**
**हरियाणा में कांग्रेस एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बन गई**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस से इस्तीफा देने के अगले ही दिन हरियाणा की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने बुधवार को अपने तमाम समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। राज्य में इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इसे भाजपा के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है। यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में दोनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने के बाद किरण चौधरी ने कहा, 'अब मैं भी भगवा रंग में रंग गई हूं। लेकिन यही रंग चौधरी बंसीलाल का भी रंग था।' बड़ी संख्या में भाजपा मुख्यालय पहुंचे अपने समर्थकों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा, 'हमने 20 साल पहले हरियाणा विकास पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। आज मैं आपसे आह्वान करती हूं कि आप कांग्रेस का झंडा छोड़कर भाजपा का झंडा उठा लें और हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार भाजपा की शानदार जीत सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ते रहें।' आज से, हमारा काम शुरू होता है। चौधरी बंसीलाल का नाम लीजिए और भाजपा की नीतियों पर काम करना शुरू कीजिए, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की जय-जयकार करते हुए हरियाणा के कोने-कोने का दौरा कीजिए। यही चौधरी बंसीलाल और चौधरी सुरेंद्र सिंह को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हरियाणा में कांग्रेस को झटका देते हुए चौधरी और उनकी बेटी ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

### हुड्डा पर बोला हमला

भाजपा में शामिल हुई किरण चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में कांग्रेस व्यक्ति केंद्रित पार्टी हो गई है। उन्होंने हुड्डा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि उनको मंजूर नहीं कि पार्टी में किसी का कद बढ़े।श्रुति ने कहा है कि हरियाणा कांग्रेस अब पूरी तरह से स्वार्थी हो गई है। इसलिए पार्टी में नहीं रह सकते। मुझे अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदें पूरी करनी हैं। बाद में दोनों ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की।



**नायब ने किया किरण का स्वागत :** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पुत्र-मोह और राजनीतिक जागीरदारी के खिलाफ मजबूत आवाज उठाने वाली पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बंसीलाल जी की बहू कांग्रेस की दिग्गज नेत्री किरण चौधरी और उनकी बेटी (पूर्व सांसद) श्रुति चौधरी का भाजपा परिवार में स्वागत है। किरण चौधरी तोशाम से विधायक हैं और उनकी बेटी श्रुति भिवानी महेंद्रगढ़ सीट से सांसद रह चुकी हैं।

**कांग्रेस ने कहा-किरण की विधायकी रद हो :** किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति के भाजपा में शामिल होने के बाद प्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा स्पीकर को पत्र भेजकर कहा है कि किरण चौधरी की विधायकी रद की जाए। क्योंकि वह कांग्रेस से इस्तीफा दे चुकी हैं। अब इस पर फैसला विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानंद गुप्ता को लेना है।

### इसलिए कांग्रेस से नाराज किरण

किरण लोकसभा चुनाव में अपनी बेटी को टिकट नहीं मिलने से नाराज हो गई थी। उनको लगता है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने श्रुति का टिकट काटकर राव दान सिंह को दिलवाया, हालांकि भिवानी से राव दान सिंह चुनाव हार गए थे। किरण का कहना था कि टिकट का बंटवारा सही होता तो इस सीट से कांग्रेस जीत सकती थी। यह रार इतनी बढ़ी कि किरण और उनकी बेटी श्रुति ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। उन्हें सैलजा-किरण-रणदीप गुट की मजबूत नेता माना जाता था।

### अब तीनों लाल परिवार के सदस्य भाजपा में

किरण चौधरी और श्रुति चौधरी बंसी लाल की राजनैतिक विरासत संभाल रही हैं। भाजपा इन दोनों के जरिये भिवानी-महेंद्रगढ़ इलाके में अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को इन दोनों नेताओं का कितना लाभ मिल पाता है यह देखने वाली बात होगी। भजन लाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई, चौधरी देवीलाल के बेटे रंजीत सिंह पहले से ही भाजपा में हैं अब बंसीलाल की पुत्रवधु किरण चौधरी भी भाजपा का हिस्सा हो गई हैं। अब कहा जा सकता है कि भाजपा में अब हरियाणा के तीनों 'लाल' के परिवार के सदस्य शामिल हैं।

---

**खबर संक्षेप**

**शराब नीति केस**

### केजरीवाल की हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने बुधवार को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। आप संयोजक केजरीवाल को, उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। अब मामले में 3 जुलाई को सुनवाई होगी। भाषा

### जीएसटी परिषद की शनिवार को बैठक

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद शनिवार को होने वाली बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकती है। इनमें ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और संबंधित पक्ष सेवाओं पर कंपनी गारंटी के अलावा दूरसंचार कंपनियों के भुगतान की गई स्पेक्ट्रम फीस पर कर लगाने का मुद्दा भी शामिल है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होगी। इस परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। भाषा

## प्रचंड गर्मी : 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, बाजार-सड़कें सब सुनसान

**मंगलवार की रात दिल्ली में 12 साल में सबसे गर्म व यूपी में रात के पारे ने 55 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ा**

# हरियाणा में 3, दिल्ली व यूपी में 88 लोगों की मौत

**हरियाणा में आज से प्री-मानसून की बारिश दे सकती है कुछ राहत**

## तप रहा उत्तर भारत, दिनभर चल रही लू, बिजली और पानी संकट गहराया, लोग परेशान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में मानसून की एंट्री के बीच उत्तर भारत प्रचंड गर्मी से तप रहा है। दिनभर चल रही लू लोगों का खूब पसीना निकाल रही है। गर्मी से सबकुछ झुलस रहा है। वहीं, बिजली और पानी का संकट भी गहराया हुआ है। भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने हरियाणा समेत 11 राज्यों हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, बिहार और जम्मू डिवीजन के लिए अलर्ट जारी किया है। हरियाणा में बुधवार को गर्मी के कारण 3 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2 की मौत मेवात और एक प्रवासी मजदूर की मौत हिसार में हुई है। वहीं, दिल्ली और यूपी में 88 लोगों की जान गई है। दिल्ली में अभी अधिकतम पारा 42 डिग्री के आसपास चल रहा है। पिछले 24 घंटे में हीट स्ट्रोक से 13 लोगों की मौत हो चुकी है। नोएडा में गर्मी से 14 लोगों की मौत हुई है। वहीं, यूपी के अन्य जिलों में 61 लोगों की मौत हुई है। दिल्ली में मंगलवार की रात 12 साल में सबसे गर्म रही। न्यूनतम पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यूपी में रात्रि तापमान ने 55 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां रात का पारा 35.2 दर्ज किया गया। इससे पहले 1972 में रात्रि पारा 34.9 डिग्री तक गया था। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार से प्री मानसून की बारिश गर्मी से कुछ राहत दे सकती है। दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में 12 मरीज अभी वेंटिलेटर पर हैं। हीटवेव की शुरुआत से अब तक 45 लोगों को गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण भर्ती कराया गया। दिल्ली-यूपी में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।



**दिल्ली और यूपी में रात्रि पारा 35.2°**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की समीक्षा, अस्पतालों को दिए आदेश
■
हरियाणा के 8 जिलों में आंधी का अलर्ट
■
40 किमी घंटे की स्पीड से गर्म हवाएं चलेंगी
■
गरज-चमक के साथ बादल छाएंगे, हल्की बारिश संभव

### केंद्र के अस्पतालों को भेजे गए आदेश

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हीटवेव की स्थिति और केंद्र सरकार के अस्पतालों में तैयारी को लेकर समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी अस्पतालों को तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विशेष हीटवेव यूनिट को केंद्रीय सरकार के अस्पतालों को निर्देश दिया है।

### क्या कहता है मौसम विभाग

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विवि हिसार के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ मदन खीचड का कहना है अंबाला, पंचकुला, यमुनानगर में तेज हवायों व गरज चमक के साथ कहीं कहीं हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए 8 जिलों में आंधी का अलर्ट जारी किया है। यह बदलाव गुरुवार को दोपहर बाद देखने को मिल सकता है। अन्य 14 जिलों में भी हीटवेव को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। 20 जून से सूबे के अधिकांश जिलों में प्री-मानसून की बौछारें पड़ सकती हैं।

### 645 हज यात्रियों की मौत

सऊदी अरब के मक्का में गर्मी के कारण 12 जून से 19 जून के बीच 645 हज यात्रियों की मौत हुई है, इनमें 68 भारतीय शामिल हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 240 था। 18 जून को मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मरने वालों में 323 लोग मिस्र के और 60 जॉर्डन के हैं।

**केंद्र सरकार का फैसला**

# धान का एमएसपी 117 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

**अब 2,300 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा दाम**
**हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड को ज्यादा लाभ**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5.35% बढ़ाकर 2,300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। धान के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी सरकार के पास अधिशेष चावल भंडार होने के बावजूद हुई है। हालांकि हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्यों में चुनावों से पहले यह महत्वपूर्ण पहल है। एमएसपी वृद्धि की घोषणा करते हुए बुधवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मंत्रिमंडल ने कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर 14 खरीफ (ग्रीष्मकालीन) फसलों के लिए एमएसपी को मंजूरी दी है। सामान्य ग्रेड धान का एमएसपी 117 रुपये बढ़ाकर 2,300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।



### 14 फसलों के बढ़े दाम

| फसल | बढ़ोतरी | दाम |
|---|---|---|
| धान (सामान्य) | 117 | 2300 |
| धान (ए ग्रेड) | 117 | 2320 |
| ज्वार (हाईब्रिड) | 191 | 3371 |
| ज्वार (मालदंडी) | 196 | 3421 |
| बाजरा | 125 | 2625 |
| रागी | 444 | 4290 |
| मक्का | 135 | 2225 |
| तुअर/अरहर | 550 | 7550 |
| मूंग | 124 | 8682 |
| उड़द | 450 | 7400 |
| मूंगफली | 406 | 6783 |
| सूरजमुखी | 520 | 8280 |
| सोयाबीन | 292 | 4892 |
| तिल | 632 | 9267 |
| नाइजर सीड्स | 983 | 8717 |
| कपास (मिडल) | 501 | 7121 |
| कपास (लॉन्ग) | 501 | 7521 |

*(बढ़ोतरी और दाम प्रति क्विंटल में)*

### किसानों को फायदा

वैष्णव ने बताया कि खरीफ मौसम के लिए फसलों का मूल्य बढ़ाने से किसानों को लाभ होगा। केंद्र सरकार सच्ची किसान हितैषी है। पेज 8 भी देखें

---

**कैथल में ऑनर किलिंग**

# प्रेम विवाह से खफा भाई ने कर दी बहन की हत्या

## किशोर ने ननद और सास को भी गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में बुधवार को ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बहन के प्रेम विवाह से खफा एक किशोर भाई ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। किशोर ने बी च - ब चा व करने आई बहन की सास और ननद को भी गोली मार दी। दोनों को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि गांव क्योंडक की युवती कोमल और कैथल के युवक अनिल ने फरवरी 2024 में प्रेम विवाह किया था। युवती के परिजन इससे नाराज थे। कोमल का नाबलिग भाई बुधवार दोपहर करीब दो बजे पिस्तौल लेकर कोमल के घर में घुसा और उसे गोली मार दी। कोमल की गर्दन पर गोली लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी बीच किशोर ने उसकी सास कांता देवी पेट में गोली मारी और ननद अंजलि की बाजू में गोली लगी है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।


मृतक कोमल

**पहले भी दी थी धमकी**

कोमल के ससुर बंसीलाल ने बताया कि उसके परिजनों ने पहले भी उसके परिवार को धमकी दी थी। इस पर कोमल व अनिल ने कोर्ट से सुरक्षा भी ली थी, लेकिन बाद में घर आ गए। फायरिंग करने से पहले युवती के भाई ने घर के सामने बाइक पर चक्कर भी लगाया था। बाद में दोपहर के समय अपनी बहन के घर के अंदर चला गया और उससे कुछ समय बात करने के बाद गोलियां चला दी। उस समय घर पर कोई पुरुष नहीं था।

**इंस्टाग्राम पर डाला वीडियो**

वारदात के बाद किशोर खुद रिक्शा से थाना शहर पहुंचा तथा पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इससे पहले उसने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट की और हत्या की वारदात का खुलासा किया। वीडियो में वह कुछ दूर पैदल चलता हुआ दिखाई देता है। फिर वह अचानक ऑटो वाले को रोक कर थाने चलने की बात कहता है। ऑटो में बैठकर ही उसने वीडियो बनाई। जिसमें वह गाली देते हुए कहता है कि म्हारे गाम की छोरी तै ब्या करैगा तो ये ही हाल होगा। उस छोरे नै भी मारूंगा, आज तो वह बच गया। गांव का जो मौजिज समझौता करवाने बीच में आएगा। उसे भी बाहर आकर मारूंगा। आज छोरी व उसकी सास तो मार दी।

**पांच के खिलाफ केस**

कोमल के पति अनिल की शिकायत पर उसके नाबालिग भाई सहित पांच लोगों पर हत्या व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।
*- बीर सिंह, शहर थाना प्रभारी*

### खिलाड़ियों को नौकरियों में 3 फीसदी आरक्षण देंगे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) द्वारा विज्ञापित ग्रुप सी पदों के लिए किसी भी वर्ष में पात्र उत्कृष्ट खिलाड़ियों (ओएसपी) और पात्र खिलाड़ियों (ईएसपी) को 3 प्रतिशत का अलग कोटा देने का निर्णय लिया है। इस प्रयोजन के लिए, खेल एवं युवा मामले विभाग एक अलग कोटा बनाएगा तथा किसी भी वर्ष में एचएसएससी द्वारा भर्ती किए गए कुल ग्रुप सी पदों के 3% के बराबर ओएसपी और ईएसपी के लिए अलग भर्ती मांग भेजेगा।

**शिक्षा मंत्रालय ने माना शुचिता से समझौता हुआ, केंद्र का फैसला अब दोबारा होगी परीक्षा, 18 जून को हुआ था एग्जाम**

# यूजीसी-नेट परीक्षा रद कर जांच सीबीआई को सौंपी

**नई दिल्ली (भाषा)।** शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया है। अधिकारियों ने बताया कि यूजीसी-नेट परीक्षा इसलिए रद की गई कि ऐसी जानकारी मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है। पेपर में गड़बड़ी हुई है। यह परीक्षा एक दिन पहले 18 जून को हुई थी। परीक्षा दो शिफ्ट में ओएमआर यानी पेन और पेपर मोड में आयोजित की गई थी। बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को परीक्षा के बारे में गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से परीक्षा में गड़बड़ी के इनपुट्स मिले थे। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रथमदृष्टया यह संकेत मिला कि परीक्षा कराने में ईमानदारी नहीं बरती गई।

### नई तिथि जल्द होगी जारी

शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इसे रद करने का आदेश नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को दिया। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिर से यह परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए नई तिथि की जल्द घोषणा की जाएगी।

### 11 लाख ने दी थी परीक्षा

मंत्रालय का यह फैसला, मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में अनियमितताओं को लेकर उपजे बड़े विवाद के बीच आया है और यह मुद्दा अब उच्चतम न्यायालय में है। परंपरा से हटकर, इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एक ही दिन (18 जून) में 'पेन और पेपर मोड' में आयोजित की गई, जिसमें 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था।



### राहुल गांधी हुए 54 वर्ष के, खरगे और अखिलेश यादव ने दी बधाई


**नई दिल्ली(भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कुछ नेताओं ने बुधवार को राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी। कांग्रेस नेताओं ने राहुल को कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला नेता बताया। राहुल का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। बुधवार को वह 54 साल के हो गए हैं।

**सफाई** एनटीए ने कहा था, किताबों में फर्क के कारण देने पड़े कृपांक

**एनसीईआरटी के निदेशक बोले-एनटीए के बयान में सच्चाई नहीं**

# नीट कृपांक मामले में एनसीईआरटी ने कहा, नई किताबें 4 साल से बाजार में


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट-यूजी 2024 परीक्षा में 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक देने के मामले में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपना पक्ष रखते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के उस दावे को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि नीट परीक्षा के सवाल आउट ऑफ सिलेबस थे। एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि एनटीए के 'आउट ऑफ सिलेबस' वाले बयान में कोई सच्चाई नहीं है। सकलानी ने मैसूर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, एनसीईआरटी की संशोधित किताबें, 2020 से ही प्रिंट और ऑनलाइन दोनों फॉर्मेट में उपलब्ध हैं। हमें नहीं पता कि सवाल बनाने वालों ने 2020 से पहले की किताबों का रेफरेंस क्यों दिया।'



**यह कहा थाएनटीए ने :** नीट परीक्षा के 44 टॉप स्कोरर्स ने एनसीईआरटी की पुरानी किताब के आधार पर एक फिजिक्स के सवाल का गलत उत्तर दिया था। एनटीए ने उन सभी को ग्रेस मार्क्स दिए थे। एनटीए ने कहा था कि हमारे देश में बच्चे अपने बड़े भाई-बहनों की पुरानी किताबों से पढ़ते हैं। चूंकि एनसीईआरटी की पुरानी और नई किताबों में जानकारी अलग-अलग है, इसलिए इन बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं।

### ईओयू ऑफिस में 2 कैंडिडेट्स से ढाई घंटे तक पूछताछ

**पटना।** बिहार में नीट पेपर लीक मामले में दो कैंडिडेट्स आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के पटना मुख्यालय पहुंचे। इन दोनों कैंडिडेट्स से करीब ढाई घंटे पूछताछ की गई। बख्तियारपुर की रहने वाली ईशा अपने पैरेंट्स के साथ आई थी। वहीं, दूसरी लड़की अपने पिता और चाचा के साथ आई थी। ईशा ने पूछताछ से पहले कहा है कि आर्थिक अपराध इकाई की जांच में सहयोग करेंगी। पिता के साथ पहुंची दूसरी लड़की ने नाम नहीं बताया। इओयू ने परीक्षार्थियों के साथ-साथ उनके पेरेंट्स से भी पूछताछ की है। वहीं, शिक्षा मंत्रालय ने नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी है। पटना में हुई परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आया था।



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 21 जून, को महाराणा प्रताप स्टेडियम, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री 18 गांवों में योग एवं व्यायामशालाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त, 72 योग एवं व्यायाम शालाओं की नींव रखेंगे। आयुष विभाग प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा योग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2015 में निर्णय लिया गया कि 6500 गांवों में योग एवं व्यायामशालाएं स्थापित की जाएंगी।

### पंचकूला में सड़कों का होगा कायाकल्प

**पंचकूला।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बुधवार को पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सेक्टर 23 को सेक्टर 3/21 से जोड़ने के लिए घग्गर नदी पर 25 करोड़ रुपये की लागत वाले दूसरे पुल समेत तमाम बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा हुई। नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से पीएमडीए को सौंपी गईं 54 सड़कों की मरम्मत को लेकर विस्तार से ब्योरा लिया गया।

### सड़कों पर कचरा फेंका तो नपेंगे दुकानदार

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि मार्केट क्षेत्रों में उन सभी दुकानदारों के चालान किए जाएंगे, जो दुकान के बाहर सड़क पर कचरा फेंक देते हैं, जिससे सफाई कर्मचारियों को परेशानी होती है। सभी दुकानदारों सहित अन्य स्ट्रीट वेंडरों को अपने यहां डस्टबिन रखना अनिवार्य है तथा कचरा केवल डस्टबिन में ही रखा जाना चाहिए, ताकि सफाईकर्मी आसानी से कचरा निकाल सकें।

## मुख्यमंत्री बोले, कांग्रेस में पनप रहे परिवारवाद के कारण कई नेताओं का दम घुट रहा

# कांग्रेस राहुल गांधी को और हुड्डा दीपेंद्र को प्रोजेक्ट करने में जुटे

**दिल्ली की आप सरकार पर पलटवार, बोले हरियाणा से पानी पूरा जा रहा, केजरीवाल का डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम फेल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद पनप रहा है। जिस तरह पूरी कांग्रेस राहुल गांधी को प्रोजक्ट करने में लगी है, उसी तरह भूपेंद्र हुड्डा हरियाणा में अपने बेटे दीपेंद्र को प्रोजक्ट करने में जुटे हैं। इसके कारण पार्टी में बड़े व वरिष्ठ नेताओं का दम घुट रहा है। किरण चौधरी की तरह और भी कई बड़े कांग्रेसी नेता सोच रहे हैं कि कैसें यहां से निकल पाएं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को नई अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**गरीबों के उत्थान में लगी सरकार**

### आप भ्रष्टाचार में लिप्त

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली की तरफ पूरा पानी जा रहा है। वहां की केजरीवाल सरकार का डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम सही नहीं रहा। इसका खामियाजा वहां की जनता भुगत रही है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की नजर भ्रष्टाचार में रही और लोगों को सब्जबाग दिखा कर उन्हें साइड में कर दिया।

इस कारण केजरीवाल और उनके मंत्रियों को जेल तक जाना पड़ा। केजरीवाल ने पानी के डिस्ट्रीब्यूशन को लेकर कोई सिस्टम खड़ा नहीं किया। इस कारण वहां की जनता समस्या झेल रही है। हरियाण की तरफ से पानी की कोई दिक्कत नहीं है। इस दौरान उनके साथ श्रम एवं कल्याण मंत्री मूलचंद शर्मा, भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, जिला प्रधान राजू मोर, डा. राज सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता जसमेर रजाना, अमरपाल राणा, जवाहर सैनी सहित दूसरे भाजपा नेता मौजूद रहे।



जींद। लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य नेता।

### किरण चौधरी का भाजपा में आने का स्वागत

मुख्यमंत्री ने किरण चौधरी व श्रुति चौधरी का भाजपा में आने पर स्वागत करते हुए कहा कि उनका परिवार बहुत ही प्रतिष्ठित परिवार है। किरण चौधरी भी विपक्ष की नेता रही, मंत्री रही और कई राज्यों की प्रभारी रही, लेकिन कांग्रेस में उन्हें मान सम्मान नहीं मिला।

### गरीबों को ठगने में लगे कांग्रेस नेता

लेकिन उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को ना प्लाट दिए और ना ही पैसे दिए। भाजपा सरकार ने सौ-सौ गज के प्लाट पर कब्जा देने का काम किया। सरकार का एक ही प्रयास है कि लाभार्थी का लाभ किसी भी सूरत में न रुके। सीएम ने कहा कि आज 80 करोड़ रुपये श्रमिकों के खाते में भेजने का काम किया गया है। वहीं कांग्रेस केवल लोगों को गुमराह करके वोट लेने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है। चार धामों के दर्शन के लिए अब सारा पैसा सरकार देगी।

### हर वर्ग का उत्थान सरकार की प्राथमिकता



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। एक लाख से कमाई वाले परिवारों को हैप्पी कार्ड बांटे गए हैं। योजना के तहत 1000 किलोमीटर की यात्रा मुफ्त कर सकेंगे। वहीं दो किलोवाट से काम वाले परिवारों के घर सोलर पैनल लगेंगे। योजना के तहत सोलर पैनल के लिए सब्सिडी मिलेगी। सोलर पैनल लगने से बिजली का बिल नहीं आएगा। जितनी यूनिट बिजली इस्तेमाल होगी उतना ही बिल देना होगा। तीन करोड़ नए मकान बनाने का वादा प्रधानमंत्री ने किया है। जिसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। फोटो कैप्शन

## अटल भूजल योजना के लिए 184.24 करोड़ की प्रोत्साहन निधि उपयोग योजना को मंजूरी

चंडीगढ़। प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा केंद्र सरकार ने अटल भूजल योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रदेश की सराहना की है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के 14 जिलों के 36 खंडों की 1,647 ग्राम पंचायतों में भूजल पुनर्भरण को बढ़ाना, जल उपयोग दक्षता में सुधार करना और सतत जल प्रबंधन प्रथाओं को प्रोत्साहन देना है। यहां अटल भूजल योजना की राज्य अंतर विभागीय संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में 184.24 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन उपयोग योजना को मंजूरी दी गई।मुख्य सचिव ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को आगामी मानसून सीजन के दौरान बारिश के अतिरिक्त पानी का उचित भंडारण और उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और गैर शिक्षकों के पदों का जल्द भरा जाएगा: शिक्षामंत्री

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने बताया कि प्रदेश की उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक तथा गैर - शैक्षणिक क्षेत्र के रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा। शिक्षा मंत्री ने बुधवार को वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ़ मैनेजमेंट ऑफ़ प्राइवेट एडिड कॉलेजिज का एक प्रतिनिधमंडल से मुलाकात के दौरान यह जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ कैथल विधानसभा क्षेत्र विधायक लीला राम , एसोसिएशन के प्रेजिडेंट पूर्व विधायक तेजवीर सिंह , महासचिव सरदार ए एस ओबेरॉय भी शामिल थे। शिक्षा मंत्री से एसोसिएशन गवर्नमेंट एडिड कॉलेजों में शैक्षणिक तथा गैर - शैक्षणिक स्वीकृत पदों में से रिक्त पड़े पदों को भरने की अनुमति दी जाए ताकि विद्यार्थियों की पढाई प्रभावित न हो।



प्रपत्र सं. 14
[ नियमन-33( 2 ) देखें ]
पंजी. ए/डी, दस्ती द्वारा जिसमें विफल रहने पर प्रकाशन द्वारा
वसूली अधिकारी-I/II का कार्यालय
ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ ( डीआरटी-2 )
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चण्डीगढ़ ( तृतीय और चतुर्थ तल पर आवंटित अतिरिक्त स्थल भी )
डिमांड नोटिस
ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 25 से 28 और आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 2 के तहत सूचना
आरसी/170/2023 24.04.2024
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
जितेन्द्र
सेवा में,
(सीडी 1) जितेन्द्र
पुत्र श्री राम फल,
निवासी मकान नं. 82/21बी,
कच्चा चमारियां रोड, रोहतक हरियाणा
(सीडी 2) बिजेन्द्र
निवासी मकान नं. 82/21बी, कच्चा चमारियां रोड, रोहतक हरियाणा
(सीडी 3) बिजेन्द्र
पुत्र श्री राम फल,
निवासी मकान नं. 82/21बी, कच्चा चमारियां रोड, रोहतक हरियाणा
यह अधिसूचित किया जाता है कि पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली ट्रिब्यूनल चण्डीगढ़ (डीआरटी-2) द्वारा ओए/161/2018 में पारित आदेशों के अनुपालन में जारी किये गये वसूली प्रमाण-पत्र के अनुरूप राशि रु. 30,39,128.10/- (रुपये तीस लाख उनतालीस हजार एक सौ अठाईस और पैसे दस केवल) सहित पेंडेंटेलाइट और 22.01.2018 से वसूली तक वार्षिक साधारण ब्याज 9% की दर से भविष्य के ब्याज और लागत रु. 33,005/- (रुपये तैंतीस हजार पांच केवल) आपकी तरफ देय बन चुका है (संयुक्त रूप से और अलग अलग/पूर्णतया/सीमित)।
2. आपको एतद द्वारा निर्देशित किया जाता है कि सूचना की प्राप्ति के 15 दिन के अंदर उपरोक्त रकम का भुगतान करें, जिसमें विफल रहने पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों को देय ऋण वसूली अधिनियम, 1993 और उनके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार वसूली की जाएगी।
3. आपको एतद द्वारा आदेश दिया जाता है कि सुनवाई की अगली तिथि को या इससे पूर्व आपकी परिसम्पत्तियों के विवरण की घोषणा एक शपथ-पत्र पर करें।
4. आपको एतद द्वारा आदेश दिया जाता है कि आगे की कार्यवाहियों के लिए अधोहस्ताक्षरी के समक्ष 27.09.2024 को पूर्वा. 10:30 बजे उपस्थित हों।
5. उपरोक्त रकम के अतिरिक्त, आप निम्नलिखित का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होंगे :
(ए) कार्यवाहियों के प्रमाण-पत्र / निष्पादन की इस सूचना के तत्काल पश्चात प्रारम्भ होने वाली अवधि के लिए जो भी ऐसा ब्याज हो भुगतानयोग्य है।
(बी) इस सूचना और वारंटों तथा अन्य प्रक्रियाओं की तामील तथा देय राशि की वसूली हेतु की गई सभी अन्य प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में हुए सभी लागत, परिव्यय और व्यय।
मेरे हस्ताक्षर व इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित दिनांक : 24.04.2024 को जारी किया गया।
वसूली अधिकारी
ऋण वसूली ट्रिब्यूनल
चण्डीगढ़ ( डीआरटी-2 )

## नीट में धांधली का आरोप लगाकर आप ने किया प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक व नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया। हर जिले में जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नीट परीक्षा को दोबारा करवाने के मांग की गई। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने शाहबाद और रादौर में प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी और परीक्षा को रद्द करने की मांग की। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी और किसी भी कीमत पर बच्चों के भविष्य की लड़ाई लड़ने से पिछे नहीं हटेगी। देश के युवाओं के भविष्य को बचाने की यह लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी।




### अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कड़े शब्दों में कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। अवैध खनन की रोकथाम के लिए संबंधित विभाग नियमित रूप से जांच करें। साथ ही एसडीएम भी अपने संबंधित क्षेत्रों में नियमित तौर पर जांच कर अवैध खनन पर लगाम लगाये रखें। अवैध खनन विषय पर बुधवार को लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गयाए जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह कर रहे थे।

### फरीदाबाद में नशा तस्कर गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने नशे की तस्करी करने वाले एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम गौरव उर्फ सुखी है जो फरीदाबाद की नेहरू कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध नशे सहित काबू किया था। आरोपी से 532 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

उद्धरण हेतु सार्वजनिक सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सिविल अस्पताल, नारनौल 123001 में जेएसएसके स्कीम (एनएचएम) के तहत जेएसएसके डाइट आइटम के लिए चिकित्सा अधीक्षक सिविल अस्पताल नारनौल द्वारा मोहरबंद उद्धरण आमंत्रित किए जाते हैं। जेएसएसके डाइट आइटम का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | मदें |
|---|---|
| 1. | जूस 1 लीटर |
| 2. | बिस्किट छोटा 50 ग्राम (अच्छी गुणवत्ता) |
| 3. | बादाम गिरी पैकेट 100 ग्राम (अच्छी गुणवत्ता) पैकेजिंग सहित। |
| 4. | बादाम गिरी पैकेट 40 ग्राम (अच्छी गुणवत्ता) पैकेजिंग सहित। |
| 5. | भुना हुआ काला चना 250 ग्राम (अच्छी गुणवत्ता) पैकेजिंग सहित। |
| 6. | देसी गुड़ 200 ग्राम (अच्छी गुणवत्ता) पैकेजिंग सहित। |
| 7. | बिस्किट बड़ा 150 ग्राम (अच्छी गुणवत्ता) |
| 8. | सूजी टोस्ट पैकेट. 150 ग्राम (अच्छी गुणवत्ता) |
| 9. | जूस 200 मि.ली. |

उद्धरण 28.06.2024 को पूर्वा. 11:00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा और उसी दिन चिकित्सा अधीक्षक सिविल अस्पताल नारनौल 123001 के कार्यालय में खोला जाएगा।
1. फर्म जीएसटी पंजीकृत अवश्य होनी चाहिए और उसके पास वैध खाद्य लाइसेंस होना चाहिए
2. जेएसएसके डाइट की आपूर्ति गायनी वार्ड से प्राप्त डाइट स्लिप के अनुसार दैनिक आधार पर की जानी चाहिए। जीएसटी और एफ.ओ.आर. के साथ शामिल दरें और उद्धरण दरें अंतिम रूप देने की तिथि से 1 वर्ष के लिए वैध हैं।
3. उद्धरणों की स्वीकृति एवं अस्वीकृति के सभी अधिकार चिकित्सा अधीक्षक सिविल अस्पताल नारनौल के पास सुरक्षित हैं।
4. सरकारी नियमों के अनुसार 2% जीएसटी और 2% टीडीएस की कटौती।
5. उद्धरण पर उत्पाद कंपनी का नाम वर्णित होना चाहिए।

हस्ता/- चिकित्सा अधीक्षक,
सिविल अस्पताल, नारनौल
पीआरडीएच-1058/11/801/2025/26900/88/6 दि. 19.06.24

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | ईएमडी राशि (रु. करोड़ में) | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज रोहतक | खेड़ी - वीएएनजीवाई स्कीम के तहत गांव खेड़ी महम में तालाब हेतु आरसीसी पाइप लाइन का पी/एल + 16 कार्य। | 14.06.2024 01.07.2024 | 442.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज रोहतक | रोहतक जिले में गांव दतौड़, गिझी, अटायल, पाकस्मा, मकड़ौली कलां, किलोई खास, रिठाल फौगाट, किशनगढ़, भराण जिंदरान, सीसर खास, मदीना कोरसान, भैणी चंद्रपाल, नांदल, चांदी, सुंदरपुर, खरक जाट्टान, घरौठी, गुढ़ान, भाली आनंदपुर, आवंल, कटेसरा, सैम्पल, रूड़की, जसिया, गांधरा में फिरनी पर स्ट्रीट लाइटिंग। | 14.06.2024 27.06.2024 | 250.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | असिर गांव :- एक अदद एस/एस टैंक के निर्माण हेतु डीएनआईटी, 350 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप चैनल का प्रावधान व बिछाना, जलघर पर पेंटिंग और व्हाइट वॉश कार्य, रोड व पथ का निर्माण और एमजीजीबीवाई कॉलोनी में वितरण पाइप लाइन बिछाना। सीएच टू असिर :- जलापूर्ति योजना के संवर्धन हेतु आकलन और एमजीजीबीवाई कॉलोनी को जलापूर्ति पाइप लाइन का प्रावधान और गांव असिर जिला सिरसा में घरों को कनेक्शन का प्रावधान (माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जन संवाद के दौरान मांग)। [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/71727] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी) जलापूर्ति संवर्धन} + 2 कार्य। | 14.06.2024 01.07.2024 | 232.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | चाथा गांव :- आरसीसी पाइप चैनल के प्रावधान और बिछाने हेतु डीएनआईटी, मौजूदा फिल्टर बैड, स्वच्छ जल टैंक और 2 अदद एस/एस टैंक की मरम्मत, वितरण पाइप लाइन बिछाना और जलघर पर विविध कार्य। सीएच टू :- चाथा :- जलापूर्ति के पुनरोद्धार और मरम्मत हेतु आकलन तथा गांव चाथा जिला सिरसा को शमशान घाट को जलापूर्ति सुविधाओं का प्रावधान (माननीय सीएम, हरियाणा द्वारा जन संवाद के दौरान मांग)। [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/78327] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी) जलापूर्ति संवर्धन} - [डीएनआईटी नं. 80044] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी) जलापूर्ति संवर्धन} + 4 कार्य। | 14.06.2024 05.07.2024 | 397.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | सावंत खेड़ा :- गांव सावंत खेड़ा में 100 मिमी आई/डी डीआई वितरण पाइप लाइन बिछाने हेतु डीएनआईटी। सीएच टू :- सावंत खेड़ा :- जलापूर्ति योजना के पुनरोद्धार और संवर्धन हेतु आकलन और गांव सांवत खेड़ा जिला सिरसा में एमजीजीबीवाई कॉलोनी को जलापूर्ति पाइप लाइन का प्रावधान (माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जन संवाद के दौरान मांग)। [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/78592] {हैड-पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी-ग्रामीण जलापूर्ति (एसपी) जलापूर्ति संवर्धन}। | 14.06.2024 21.06.2024 | 9.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | गांव गवालीसन ब्लॉक मातनहेल में ग्रे वाटर मैनेजमेंट का निर्माण। | 14.06.2024 24.06.2024 | 48.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | हरियाणा रोडवेज झज्जर | हरियाणा रोडवेज झज्जर के बस स्टैंड और वर्कशॉप्स में विज्ञापन बोर्ड्स और होर्डिंग्स। | 02.07.2024 18.07.2024 | ईएमडी 0.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812676073 gmhrjjr@gmail.com |
| 8 | हरियाणा रोडवेज झज्जर | गतिविधि अर्थात नं. 1. झाड़ू के साथ बसों की सफाई 2. हरियाणा रोडवेज झज्जर की बसों की वॉशिंग को किराये पर लेने हेतु ई-निविदा। | 02.07.2024 18.07.2024 | 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812676073 gmhrjjr@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | ओ/एल आरडी. 50000-आर बनी डिस्टी. डब्ल्यू/सी क्रॉसिंग की मरम्मत करने हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 1.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 10 | जिला परिषद फतेहाबाद | लालोदा से फतेहपुरी तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी एच-1053) + 9 कार्य। | 18.06.2024 05.07.2024 | 446.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | दड़बी :- गांव दड़बी में एमजीजीबीवाई कॉलोनी के लिए वितरण पाइप लाइन बिछाना, स्लूइस वॉल्व हौदी, रेस्टोर्ड टैप कनेक्शन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 13.06.2024 27.06.2024 | 8.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 12 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | कंडियाला - गांव नागल बग्गा जी.पी. कंडियाला ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में आंगनवाड़ी की मरम्मत + 6 कार्य। | 18.06.2024 24.06.2024 | 21.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | कसुंबी माइनर के वाटरकोर्स आउटलेट आरडी 19900/आर की पुनः स्थापना। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 29.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |
| 14 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नैना ततारपुर में 2 एकड़ व्यायामशाला का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 107.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खंदराई ब्लॉक मुडलाना में शमशान घाट में चारदिवारी और शैड का निर्माण + 11 कार्य। | 18.06.2024 27.06.2024 | 168.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | पंचायत फंड के तहत गांव जठेड़ी, ब्लॉक राई में आंगनवाड़ी केन्द्र-2 का निर्माण + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 207.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पुगथला, सरधाना और शेखपुरा में शैड/चारदिवारी रास्ता का निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 123.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज रोहतक | सीसर खास - गांव सीसर खास में ठाणा तालाब की रिटेनिंग वॉल का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 14 कार्य। | 18.06.2024 02.07.2024 | 113.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव निगधु, ब्लॉक नीलोखेड़ी में अशोक मास्टर के मकान से कन्हैया लाल के मकान तक आईएलबीपी फिरनी का निर्माण। | 17.06.2024 01.07.2024 | 113.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज करनाल | गांव गगसीना, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में कश्यप चौपाल को पूरा करना + 8 कार्य। | 18.06.2024 02.07.2024 | 67.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज करनाल | गांव बल्लाह, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में बाल्मिकी चौपाल को पूरा करना। | 18.06.2024 02.07.2024 | 4.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | रोहतक में पं. भ.द. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के परिसर में मेडिकल मोड से सिविल सर्जन कार्यालय तक लैंडस्केपिंग के मियां-वाकी पौधारोपण सहित ग्रीन बैल्ट का विकास। | 14.06.2024 01.07.2024 | 34.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/500/26955/I/88/6 दि. 19.06.24

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में बागवानी शाखा और सैनीटेशन ब्रांच कर्मचारियों हेतु रेन कोट की आपूर्ति (पुनः आमंत्रण)। | 18.06.2024 25.06.2024 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | रेलवे रोड पर स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल और 600 मिमी आई/डी सीवर लाइन का प्रचालन व रखरखाव। | 18.06.2024 02.07.2024 | 49.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26935/I/88/6 दि. 19.06.24

## प्रदेश के दो जिलों में बिफरे लोग

# गर्मी में बिजली और पानी पर बवाल





कैथल। पाई में बुधवार को बिजली कटौती से खफा पाई के ग्रामीण जाम लगाते हुए और इधर भिवानी के भवानीखेड़ा में जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई/ भवानीखेड़ा

प्रदेश में भयंकर गर्मी का सितम जारी है। बढ़ती गर्मी के साथ-साथ लोगों का धैर्य भी जवाब देने लगा है। प्रशासन जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। सूबे में बिजली और पानी का संकट गहराता जा रहा है। बिजली और पानी के लिए लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। बुधवार को प्रदेश में बिजली और पानी की मांग को लेकर लोगों ने पाई और भवानीखेड़ा में लोगों ने जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट किया।

बुधवार को पाई में बिजली की समस्या को लेकर किसानों ने पुंडरी राजौंद मार्ग पर जाम लगाया। जाम दो घंटे तक लगा रहा और राहगिरों को इस भंयकर गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। दो घंटे बाद विभाग के एस डी ओ के आसवासन पर किसानों ने जाम को खोला और राहगिरों ने राहत की सांस ली। किसान सुबह लगभग 8 बजे पाई के बिजली घर के सामने एकत्र होना शुरू हो गये और देखते- देखते सड़क पर अपने मोटर साइकिल खड़े करके घरना दे दिया। अधिकतर बड़े वाहनों की लम्बी लाइन में लग जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा। इस जाम की सूचना पाकर पुडरी थाना प्रभारी राजकुमार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पुहंचे और जाम खुलवाले की कोशिश की परंतु लोग नहीं माने। लोगों ने बताया कि किसानों को अब अपनी धान की फसल की रोपाई के लिये बिजली की सख्त जरुरत है।

### पुलिस व विभाग के जेई के आश्वासन पर खोला जाम

**बवानीखेड़ा।** खंड के आधीन आने वाले गांव ढाणी खुशहाल में पानी की समस्या को लेकर रोष फैल गया और ग्रामीणों ने जलघर पहुंचकर हांसी.भिवानी मार्ग पर सुबह लगभग 8 बजे जाम लगा दिया। वहीं पुलिस व प्रशासन के आश्वासन के बाद 1 घंटा 50 मिनट तक लगातार जाम के बाद रास्ते को खोल दिया गया। कस्बा में पीने के पानी की समस्या चल रही है। ग्रामीण भी कर्मचारियों व अधिकारियों कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। ढ़ाणी खुशहाल में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने हांसी.भिवानी मार्ग जाम कर दिया और सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने पुलिस की टुकड़ी को मौके पर भेजा वहीं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग से कनिष्ट अभियंता सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों में सरपंच प्रतिनिधि विनोद कुमार, पूर्व सरपंच मुंशी राम, ओमप्रकाश सैनी, प्रताप सिंह, राकेश,रत्न,संजय आदि ने बताया कि गांव के अंदर पानी का बहुत ज्यादा कमी चल रही है। विभाग के कर्मचारी समय पर पानी की सप्लाई नहीं छोड़ते और मनमुताबिक कार्य करते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फोन करने पर कर्मचारी फोन नहीं उठाते।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी** थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि यदि ग्रामीणों को समस्या है तो अधिकारी के समक्ष समस्या रखनी चाहिए, रोड़ जाम करना कानून के खिलाफ है, इससे लोगों को परेशानी होती। वहीं उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया।

# सड़क हादसे में मां-बेटी सहित तीन की मौत

■ खाटू श्याम बाबा के दर्शन कर घर लौटते समय हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नेशनल हाईवे नंबर 11 पर गांव गहली के समीप सड़क हादसे में मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक उत्तर प्रदेश के बदायूं के रहने वाले हैं तथा धार्मिक यात्रा के लिए निकले हुए थे। जब वह यात्रा करके वापस जा रहे थे, तब यह हादसा हो गया। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बदायूं से गाड़ी में सवार होकर करीब 13 से 14 लोग राजस्थान के धार्मिक स्थलों की यात्रा पर निकले थे।

यह लोग खाटू श्याम बाबा व सालासर होते हुए वापस अपने घर जा रहे थे। इसी बीच बुधवार सुबह उनकी गाड़ी नेशनल हाईवे नंबर 11 पर गांव गहली के समीप पहुंची तो पीछे से ट्राला चालक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे चार-पांच लोग घायल हो गए। जिस पर आसपास के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने 25 वर्षीय रजनी पत्नी देवेंद्र, उसकी तीन वर्षीय बेटी वैष्णवी व रजनी के 15 वर्षीय भाई को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य दो घायलों को मामूली चोटे लगी थी।

### मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर चिकित्सक

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेशभर के सरकारी चिकित्सकों की अहम बैठक हुई, जिसमें उनकी मांगों के बारे में विचार मंथन हुआ। साथ ही चिकित्सकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें बरसों से केवल आश्वासन ही दिए जा रहे हैं लेकिन उनकी मांगों को लेकर कोई हल नहीं निकल सका है।

एसो. पदाधिकारी 21 जून को एसीएस हेल्थ से मिलेंगे, अगर समय रहते कोई हल नहीं निकाला गया, तो एक बार फिर एक जुलाई से आंदोलन होगा। एचसीएमएस एसो. की अहम बैठक वर्चुअल गत दिवस की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डा. राजेश ख्यालिया ने की। इस दौरान एक बार फिर से चार मांगों पर मंथन किया गया। पहली मांग पीजी का बांड कम 50 रखने की मांग, दूसरी में सीधे एसएमओ की भर्ती नहीं करने की मांग है। इस मांग पर उस वक्त के मंत्री अनिल विज ने सहमति जता दी थी।

### पेट्रोलियम पाइप लाइन से तेल चोरी करने के प्रयास में दो और आरोपी दबोचे

**धारूहेड़ा।** सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हड्डा की टीम ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कापोरेशन लिमिटेड की मुद्रा-दिल्ली पाइप लाइन से तेल चोरी करने के प्रयास करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला इटावा के गांव उसराहा निवासी आदेश कुमार व जिला सराबस्ती के गांव कोंडरी लाल बगडवा हाल आबाद धुर्व इन्क्लेव दिल्ली निवासी राजू उर्फ राजकुमार के रूप में हुई है। एचपीसीएल के सुपरवाइजर गांव बगंडवा निवासी महेन्द्र सिंह ने तेल चोरी के बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड को मिला प्रतिष्ठित स्कोच अवार्ड

■ परीक्षाओं में नकल रोकने एवं पारदर्शिता पर मिला अर्वाड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में आयोजित हुई प्रेस कांन्फ्रेंस में बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वी पी यादव ने बोर्ड की उपलब्धियों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड को परीक्षाओं में नकल रोकने एवं पारदर्शिता लाने के लिए अपनाई गई नई तकनीक क्यू.आर कोड व अल्फा न्यूमेरिक कोड के लिए बहुचर्चित स्कोच ग्रुप द्वारा राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित सवार्ेच्च स्कोच अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड 13 जुलाई, 2024 को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्कोच सम्मान समारोह में दिया जाएगा।

इस आशय की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि स्कोच ग्रुप भारत का एक सच्चा स्वतन्त्र सम्मान है जो अपनी कठोर और स्वतन्त्र परिणाम आधारित मूल्यांकन प्रक्त्रिया के लिए जाना जाता है। अधिकांश राज्यों और संगठनों को वरिष्ठतम स्तरों पर यह सवार्ेच्च स्वतन्त्र सम्मान प्राप्त होता है। यह राज्य के विभिन्न विभागों, नगर निगमों, पंचायतों आदि द्वारा लागू की गई परियोजनाओं की वार्षिक स्कोच स्टेट ऑफ गवनेंर्स रिपोर्ट में राज्यस्तरीय रैंकिंग निर्धारित करता है, जिसे गुणवत्ता का स्वर्ण मानक माना जाता है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा वार्षिक परीक्षाओं में नकल रोकने एवं पारदर्शिता लाने के लिए क्यू.आर कोड व अल्फा न्यूमेरिक कोड की तकनीक को अपनाया गया था। इस तकनीक से नकल के मामले लगभग न के बराबर सामने आए तथा रिकार्ड समय में परीक्षा परीणाम को जारी करने में सफलता प्राप्त की। जिसकी सराहना देश-प्रदेश में विभिन्न प्रिन्ट व इलेक्टोनिक समाचार पत्रों तथा सोशल मीडिया प्लेटफामोंर् में की गई। स्कोच ग्रुप द्वारा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड को नकल रोकने के लिए अपनाई गई नई तकनीकों के परीक्षार्थियों के भविष्य पर पड़े सकारात्मक प्रभावों की सराहना करते हुए उनके बहुप्रतिष्ठत सर्वोच्चय सम्मान से पुरस्कृत किया गया है।

### किरण चौधरी के भाजपा में शामिल होने पर यह बोले नेता...



हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस की विधायक और वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी के भाजपा ज्वाइन करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि “इसका मतलब है एसआरके ग्रुप टूट गया। यह बहुत अच्छी बात है। अगर वो भाजपा में आ गई हैं तो और भी अच्छी बात है”। - **अनिल विज**



**कुमारी सैलजा** : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद ने कहा कि किरण व श्रुति पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता रहे। पार्टी के स्तंभ रहे नेताओं का पार्टी से बाहर जाना दु:खद है। श्रुति व किरण के साथ अन्याय हुआ।



**मुख्यमंत्री** : कांग्रेस केंद्र व हरियाणा में परिवारवादी पार्टी बनकर रह गई है। दिल्ली में मां और हरियाणा में पिता अपने युवराजों को लॉच करने के लिए प्रयासरत हैं। जिससे पार्टी में कई सीनियर नेताओं का दम घुट रहा है।



**अभय चौटाला** : प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह से बाप बेटे की पार्टी बनकर रह गई है। जब भी कोई कार्यकर्ताओं में लोकप्रियता से आगे बढ़ने का प्रयास करता है तो उसको खत्म करने की साजिश शुरू हो जाती हैं। पिछले 20 साल से प्रदेश कांग्रेस में यही होता आ रहा है।



**राव दानसिंह** : किरण चौधरी व श्रुति ने लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार का सहयोग किया था। जिससे पार्टी कमजोर हो रही थी। अब उनके भाजपा में जाने से भिवानी में पार्टी को मजबूत करने का रास्ता साफ हो गया है।

### ऑनलाइइन टॉस्क देकर युवती को लगाया पौने सात लाख का चूना, मामला दर्ज

**जींद।** गूगल ग्लोबल वर्किंग ग्रुप में टास्क देकर छह लाख 79 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड निवासी पूर्णिमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह व्हाट्सअप अपने फोन में चलाती है। गत 25 मई को उसके फोन पर गूगल रेटिंग तथा टेलिग्राम चैनल 'वायन करने का मैसज आया। जिसका नाम रा ग्लोबल वर्किंग ग्रुप था। जिसमें बताया गया कि आपको ऑनलाइन टास्क दिए जाएंगें। जिसके बदले में रुपये मिलेंगे। जिसके बाद उसके नाम से आईडी बनाई गई ओर पासवर्ड भी दिया गया। उसने दिए गए अकाउंट में पांच हजार रुपये डाले, जो उसके वायलेट में आ गए। फिर उसे टास्क का लेवल बढ़ाने के लिए तीस हजार रुपये डलवाने के लिए कहा। फिर लेवल बढ़वाने के लिए एक लाख 80 हजार रुपये डलवाए गए। यह राशि जमा करने के बाद उसके वायलेट में अढ़ाई लाख रुपये दिखाए गए। फिर उसने दो लाख रुपये ओर लगाए।




# देश में एटीएम की किल्लत, परेशान बैंकों ने आरबीआई का दरवाजा खटखटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




देश में एटीएम की किल्लत हो गई है। इसे लेकर सभी बैंक परेशान हैं। बैंकों ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और केंद्र सरकार के समक्ष यह मसला उठाया है। बैंकों का कहना है कि उन्हें इन मशीनों को हासिल करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सभी बैंकों ने सरकार से ई मार्केट प्लेस से खरीद के नियमों को स्पष्ट करने की मांग की है। सूत्रों के हवाले से आई इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले महीने हुई बैठक में बड़े बैंकों के प्रतिनिधियों ने कहा कि कई मसलों पर बातचीत हुई थी। इसी दौरान एटीएम की कमी का मसला भी उठाया गया।

### मेक इन इंडिया गाइडलाइन्स को जिम्मेदार ठहरा रहे बैंक

रिपोर्ट के अनुसार, एटीएम वेंडर्स इस किल्लत के लिए वित्त वर्ष 2020 में लागू किए गए मेक इन इंडिया गाइडलाइन्स को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इनके चलते वेंडर्स को भारत में अपने ऑपरेशंस शुरू करने में काफी समय लग गया। कई एटीएम वेंडर्स भारत में रजिस्टर्ड भी नहीं हैं। इसलिए बैंक चाहते हैं कि खरीद के नियमों को सरकार की ओर से स्पष्ट किया जाए ताकि आगे जाकर उन पर कोई रेगुलेटरी एक्शन न लिया जाए।

### एटीएम मशीनों की डिमांड में आएगी तेजी

इस समय बैंक एटीएम में लॉक करने योग्य कैसेट सिस्टम लागू करने जा रहे हैं। मगर, बैंकरों ने कहा है कि एटीएम की कमी के चलते उनके कारोबार पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। बैंक अधिकारियों के अनुसार, यह बदलाव कई स्टेज में किया जाना था। लेकिन, हम लक्ष्य से काफी पीछे हो गए हैं।

### जीईएम पोर्टल पर डिमांड की उम्मीद

एटीएम कमी के चलते हमारे ऊपर जुर्माना लगाने के साथ ही रेगुलेटरी एक्शन लिए जा सकते हैं। उधर, सीएमएस इंफो सिस्टम्स के प्रेसिडेंट मंजुनाथ राव ने कहा कि बैंक, एटीएम के अलावा कैश रीसाइक्लिंग मशीनें भी लगा रहे हैं।

## बजट में ब्याज आय पर कर राहत की वकालत

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज आय पर कर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया जा सकेगा।


**NOTICE**

I, Sandeep Army No. 1622617Y Rank Nayak, 7 Raj rifle S/o Rampal R/o Village Baroda Teh. Uchana Distt. Jind declare that in my army services record my mother's name is wrongly mentioned as Krishana Devi. Wherea her actual and correct name is Krishana vide affidavit dated 19.06.2024 attested by notary Jind.

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल चिकित्सालय, जगाधरी वर्कशॉप की ओर से वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | संक्षिप्त विवरण | अनुबंध अवधि | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | RC-LP-EDH-JUDW-24 dated: 18.06.2024 | लोकल पर्चेस ऑफ मेडिसिन्स बाइ एंटरिंग इंटू रेट कॉन्ट्रेक्ट्स विद वेंडर्स | 2 वर्ष | 12.07.2024 |

निविदा शर्तें
1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है
2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं- RC-LP-EDH-JUDW-24 दिनांक : 18.06.2024 1839/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


साकार हो चुके आकंड़े इस साल वर्ल्ड फूड इंडिया में

# साकार हो चुके आकंड़े इस साल वर्ल्ड फूड इंडिया में

# वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में निवेश के सत्यापित आंकड़े ही दिए जाएंगे: चिराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को कहा कि सरकार पूरी तरह सत्यापित और जमीनी स्तर पर साकार हो चुके निवेश आंकड़ों को ही इस साल 'वर्ल्ड फूड इंडिया' कार्यक्रम में जारी करेगी।*

■ 19 से 22 दिसंबर में राजधानी दिल्ली में

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाले पासवान ने इस कार्यक्रम के पिछले दो संस्करणों में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में किए गए निवेश की स्थिति पर जताई जा रही चिंताओं को दूर करने की कोशिश की।

### उसी निवेश का उल्लेख जो शुरू किए जा सकते हैं

पिछले दो संस्करणों में किए गए निवेश दावों की स्थिति के बारे में पूछे गए सवाल पर पासवान ने कहा, 'समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर से निवेश का वादा किया जाता है और उसपर अमल की एक अवधि होती है। उसके बाद ही हमें पता चल पाता है कि जमीन पर कितना निवेश हुआ है। अब से हम निवेश की बात करते समय उन निवेश का ही उल्लेख करेंगे जिन्हें शुरू किया जा सकता है।'

*भारत अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है*

*केंद्रीय मंत्री के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में पासवान ने भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की अप्रयुक्त क्षमता का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम भारत की ताकत को प्रदर्शित करने और विचारों, नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं निवेश का आदान-प्रदान करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है।*



### पहले संस्करण में 11.25 अरब डॉलर निवेश आकर्षित

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम के वर्ष 2017 में आयोजित पहले संस्करण में सरकार ने 11.25 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया था जबकि 2023 में आयोजित दूसरे संस्करण में निवेश का आंकड़ा 3.98 अरब डॉलर का था।

# सेंसेक्स 36 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 36 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी नुकसान में रहा। कारोबार के दौरान एक समय दोनों सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये थे लेकिन बाद में किसी ठोस संकेत के अभाव में मुनाफावसूली होने से नीचे आ गए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों, पूंजीगत वस्तुओं और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली हुई। वहीं बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली देखने को मिली। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 36.45 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये शिखर 77,337.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 41.90 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,516 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 106.1 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 23,664 पर चला गया था।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## सोने में 80 रुपए की तेजी चांदी 100 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये मजबूत होकर 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। मंगलवार को सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमत भी 100 रुपये की तेजी के साथ 91,400 रुपये प्रति किलो हो गयी।

## एयर इंडिया की एक जुलाई से प्रीमियम इकानॉमी श्रेणी

**मुंबई।** एयर इंडिया अगले महीने से चुनिंदा घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी श्रेणी शुरू करने जा रही है। यह श्रेणी उपलब्ध कराने वाली एयर इंडिया दूसरी भारतीय एयरलाइन कंपनी होगी। प्रीमियम इकनॉमी यात्रा श्रेणी उपलब्ध कराती है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने बुधवार को कहा कि उसने दो नए ए320 नियो विमानों को तीन श्रेणियों में बांटा है।

## खाद्य वस्तुओं के बढ़ रहे दाम चिंता का विषय: आरबीआई

**मुंबई (भाषा)।** खुदरा महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है लेकिन लेकिन खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बाधा बन रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया। 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक से जून, 2024 के बुटेलिन में प्रकाशित लेख में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि मजबूत थी और कई केंद्रीय बैंकों ने अपने-अपने देशों में मुद्रास्फीति में गिरावट को देखते हुए कुछ नरम मौद्रिक नीति की ओर रुख किया है। उच्च आवृत्ति वाले संकेतक (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई, पीएमआई आदि) बताते हैं कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर मोटे तौर पर उससे पिछली तिमाही में हासिल की गई गति को बनाए रखेगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे इस लेख में कहा गया है कि इसके अलावा, दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले आने से कृषि की संभावनाएं सकारात्मक हो रही हैं।

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** – आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**हरियाणा राज्य परिवहन झज्जर।**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा परिवहन, झज्जर के अधीन बस अड्डा झज्जर व नया बस अड्डा बहादुरगढ पर स्थित खाली रह गई दुकानों व पुराना बस अड्डा झज्जर व बहादुरगढ पर पार्किंग स्टैण्ड को दिनांक 31.03.2025 तक की अवधि के लिए किराए पर देने के लिए खुली नीलामी दिनांक 10.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे नया बस अड्डा झज्जर पर की जानी है इच्छुक बोलीदाता नीलामी शुरू होने से पूर्व निश्चित समय व स्थान पर पहुँचकर धरोहर राशि जमा करवाकर एक खाली चैक हस्ताक्षर सहित तथा एक नीलामी फार्म का 500 रू0 का नकद भुगतान करके बोली में भाग ले सकते हैं। उक्त बोली के लिए विस्तृत निर्देश व हिदायतें 500 रूपये के फार्म में देखी जा सकती हैं, जो कि कार्यालय में भवन लिपिक से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती हैं।

-हस्ता-
महाप्रबन्धक,
हरियाणा राज्य परिवहन झज्जर।

पीआरडीएच-1119/11/504/2025/26904/88/6 दि. 19.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी फतेहाबाद | अवधि 01.07.2024 से 30.06.2025 के लिए मार्केट कमेटी, फतेहाबाद के तहत पड़ने वाले शौचालयों की सफाई और रखरखाव तथा मण्डियों में सफाई कार्य निविदा। | 15.06.2024 25.06.2024 | 23.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896700546 mkfatehabad2019@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26951/I/88/6 दि. 19.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | वार्ड नं. 13, जुलाना में डॉ. राम सिंह के मकान से राजेश मास्टर के प्लॉट तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 17 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.06.2024 | 1.65 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 secymcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26929/I/88/6 दि. 19.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न सम्पर्क सड़क मार्केट कमेटी नरवाना ग्रुप-1, रोड आईडी-3094, 3104, 3105, 3106, 8452, 8453 की वार्षिक मरम्मत + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 1.60 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejnc37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26942/I/88/6 दि. 19.06.24

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेल भर्ती बोर्ड, चंडीगढ़ / भारत सरकार, रेल मंत्रालय

निविदा: खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-1/आरआरबी- सीडीजी/2024-25 दिनांक 19.06.2024

निविदा संख्या: आरआरबी-सीडीजी/ईसीए-आरएफपी-2024-25 समापन की तिथि / समय: 19.07.2024, 14:00

अध्यक्ष, रेल भर्ती बोर्ड, चंडीगढ़ भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए निविदा संख्या **आरआरबी-सीडीजी-ईसीए आरएफपी-2024-25** समापन तिथि/समय **15.07.2024, 14:00 बजे** ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। निविदाकार केवल समापन तिथि और समय तक अपनी मूल पुनरुद्धारित निविदा जमा कर सकेंगे। इस निविदा सूचना के विरुद्ध मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है, और ऐसे प्राप्त हुए किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा।

**कार्य का नाम :** विभिन्न केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) के लिए 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक के विभिन्न पदों की भर्ती के संबंध में रेलवे भर्ती बोर्डो के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट और अन्य सभी संबंधित सेवाओं जैसे परिणाम और पैनल आदि की प्रोसेसिंग के लिए परीक्षा संचालन एजेंसी को नियुक्त करना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिडिंग टाइम | सामान्य निविदा | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली-प्रक्रिया प्रणाली | दो पैकेट प्रणाली (QCBS) |
| निविदा समापन तिथि, समय | 19.07.2024, 14:00 | निविदा अपलोड करने की तिथि | 21.06.2024, 13:30 |
| बोली-पूर्व सम्मेलन की आवश्यकता है | हाँ | बोली-पूर्व सम्मेलन तिथि, समय | 01.07.2024, 15:00 |
| विज्ञाप्ति मूल्य | 4,19,90,40,000.00 | निविदा अनुभाग | रेल भर्ती बोर्ड, चंडीगढ़ |
| बोली लगाने की शैली | निविदा के लिए एकल दर | बोली लगाने वाली इकाई | ऊपर/नीचे/बराबर |
| धरोहर राशि (रुपये) | 50,00,000.00 | प्रस्ताव की वैधता (दिन) | 120 |
| निविदा दस्तावेज की लागत (रुपये) | 20,000.00 | समापन की अवधि | 24 माह |
| अनुबंध प्रकार | सर्विस | अनुबंध श्रेणी | व्यय |
| बोली आरंभ करने की तिथि | 05.07.2024 | क्या संयुक्त उद्यम (जेवी) फर्मों को बोली लगाने की अनुमति है | जी नहीं |
| बोलियों के लिए रैंकिंग क्रम | निम्नतम से उच्चतम तक | व्यय प्रकार | राजस्व |

1. निविदाकारों को शर्तों के अनुसार पैन/टीआईएन/जीएसटी सहित सभी संबंधित पात्रता दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा और निविदा दस्तावेज शुल्क स्वीकार्य होगा। नेटबैंकिंग / या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय से पहले और उस तक ही किया जा सकता है। 3. निविदाकारों के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए। विवरण के लिए, ई–टेंडरिंग में भाग लेने के लिए कृपया IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें। 4. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें। 1847/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**शैक्षणिक वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश सूचना**
(विज्ञा. पीआर सं. -13 ऑफ 2024)

शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों और एमडीयू-सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम द्वारा प्रस्तावित 2–वर्षीय पीजी प्रोग्राम्स, 3–वर्षीय एलएल.बी. (ऑनर्स) और बी.पी.एड. प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 11.06.2024
आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 25.06.2024

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2024–25 की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन जानकारी / परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद–1235/11/132/2025/26949/सी/88/6 दि. 19.06.24 रजिस्ट्रार

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेन्द्र सिंह** पुत्र ओम प्रकाश निवासी गांव खानी, जिला रोहतक, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 847/2014 धारा 498–ए/406/34 भा.द.स. थाना निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेन्द्र सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेन्द्र सिंह** फरार हो गया है या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 847/2014 धारा 498–ए/406/34 भा.द.स. थाना निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजेन्द्र सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **12.08.2024** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री अकांक्षा गौतम
महानगर दण्डाधिकारी (महिला कोर्ट–04),
DP/7440/OD/24 कमरा नं. 252, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **आशीष शर्मा, पुत्र** श्याम गोपाल शर्मा **पताः** गांव– सफियाबाद मोड़ शिव मंदिर के पास जिला– सोनीपत हरियाणा, **FIR No.1205/15, U/s 33/38 Delhi Excise ACT , पुलिस थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष शर्मा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष शर्मा,** फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **आशीष शर्मा,** केस **FIR No.1205/15, U/s 33/38 Delhi Excise ACT , पुलिस थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
DP/7210/NW/2024 एसीएमएम उत्तर–पश्चिम कमरा नं. 101,
(Court Matter) पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार**
(राज्य विधायिका अधिनियम 17 ऑफ 1995 द्वारा स्थापित)
'ए+' ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित


**सत्र 2024-25 हेतु विश्वविद्यालय छात्रावासों में मेस अनुबंध के आवंटन के लिये आवेदन आमंत्रण हेतु सूचना**

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार सत्र 2024–25 हेतु विश्वविद्यालय के लड़कों के चार छात्रावासों और लड़कियों के चार छात्रावासों के लिये लाइसैंस आधार पर मेस अनुबंध के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक आवेदक विश्वविद्यालय वेबसाइट www.gjust.ac.in से / चीफ वार्डन, जीजेयूएस एंड टी, हिसार के पक्ष में डीडी (हिसार में भुगतानयोग्य) के रूप में रु. 5000/- के भुगतान सहित 20.06.2024 से चीफ वार्डन के कार्यालय, टीचिंग ब्लॉक–VI, कमरा नं. 116 से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुये आवेदन चीफ वार्डन के कार्यालय, टीचिंग ब्लॉक–VI, कमरा नं. 116 में 02.07.2024 को अप. 4.00 बजे तक या इससे पूर्व या तो दस्ती तौर पर अथवा पंजी./स्पीड पोस्ट द्वारा जमा करवाए जाने चाहिएं। आवेदक साक्षात्कार हेतु भौतिकी विभाग के कमेटी रूम, टीचिंग ब्लॉक–VIII में 04 जुलाई 2024 को पूर्वा. 10.00 बजे उपस्थित होंगे।

**नियम एवं शर्तें :-** (1) लाइसैंस मेस अलॉटमेंट पत्र के जारी होने की तिथि से 30.06.2025 तक अवधि के लिये जारी किया जाएगा। (2) आवेदक चीफ वार्डन, जीजेयू एस एंड टी, हिसार के पक्ष में देय बैंक ड्राफ्ट के रूप में धरोहर राशि के तौर पर रु. 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार केवल) के साथ आवेदन जमा करवाएंगे। (3) आवेदक साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण-पत्र जैसे आयकर रिटर्न (पिछले दो वर्षों), एक्टिव जीएसटी रजिस्ट्रेशन नं. : एक्टिव रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, एक्टिव लेबर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, एक्टिव एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और अनुभव प्रमाण-पत्र लाएंगे, (4) अनुबंध के अन्य नियम व शर्तें आवेदन प्रपत्र के साथ उपलब्ध करवाए जाएंगे।

पीआरडीएच–1237/11/97/2025/26911/सी/88/6 दि. 19.06.24 कुलसचिव



## शब्द पहेली - 5547




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 5546 का हल





# डिकॉक का अर्धशतक, द. अफ्रीका 18 रन से जीता

**■ विश्व कप सुपर आठ के पहले मुकाबले में अमेरिका को 18 रन से हराया, 195 चेज कर रही अमेरिका 176 रन ही बना पाई**

भाषा ▶▶| नॉर्थ साउंड

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (74 रन) के धमाकेदार अर्धशतक और कप्तान एडेन मार्कराम के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 110 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के ग्रुप दो के अपने शुरूआती मैच में अमेरिका को 18 रन से शिकस्त दी। ग्रुप चरण के सभी मैच जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 194 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट में खेल रही अमेरिका की टीम की दाद देनी होगी जो एंड्रीयस गौस (नाबाद 80 रन, 47 गेंद) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गयी थी लेकिन उसे दूसरे छोर पर विकेट गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इससे टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाकर हार गयी। 'मैन ऑफ द मैच' रहे डिकॉक ने धीमी और स्पिनरों के लिए मुफीद मानी जा रही पिच पर अमेरिका के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 40 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाकर टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक जड़ा। शीर्ष क्रम में डिकॉक की आतिशी पारी के अलावा मार्कराम ने 32 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 46 रन का योगदान दिया जिससे दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप चरण में शीर्ष क्रम के फ्लाप शो की चिंता दूर करने में मदद मिली। अंत में हेनरिच क्लासेन ने नाबाद 36 रन



और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 20 रन बनाकर पांचवें विकेट के लिए 53 रन की नाबाद साझेदारी निभायी। अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रवलकर ने 21 रन देकर और हरमीत सिंह ने दो दो विकेट चटकाये। सह मेजबान अमेरिका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर (24 रन) का विकेट गंवा दिया जिन्हें कागिसो रबाडा (18 रन देकर तीन विकेट) ने ऊंचा खेलने के लिए उकसाया और हेनरिच क्लासेन उनका कैच लपक लिया। गौस एक छोर पर टिके थे। नीतिश कुमार (08) के पावरप्ले के अंतिम ओवर में रबाडा की गेंद पर आउट होने के बाद कप्तान आरोन जोंस खाता भी नहीं खोल सके और केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) का शिकार बने। एनरिच नोर्किया (37 रन देकर एक विकेट) ने फिर कोरी एंडरसन (12 रन) को बोल्ड किया। शायन जहांगीर (03) के आउट होने के बाद गौस और हरमीत सिंह (38 रन, 22 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) मिलकर अच्छा खेल रहे जिससे उम्मीद बंधी हुई थी। रबाडा ने 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते महज दो रन देकर हरमीत का विकेट झटका। इससे इन दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 43 गेंद में 91 रन की साझेदारी खत्म हुई। यह अमेरिका की टूर्नामेंट में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी है। इससे पहले डिकॉक ने दक्षिण अफ्रीका की धीमी शुरुआत के बाद आक्रामक होना शुरू किया। टीम ने रीजा हेंड्रिक्स (11) का विकेट पावरप्ले में गंवा दिया जो नेत्रवलकर का शिकार हुए।

# भारत और अफगानिस्तान में सुपर-8 जंग आज

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में उतरेगी। भारत की नजरें काफी समय से खामोश पड़े विराट कोहली के बल्ले पर होगी। भारतीय टीम संयोजन को लेकर काफी चर्चा हो रही है। भारत ग्रुप चरण की टीम में कोई बदलाव नहीं करेगा या किसी विशेषज्ञ तेज गेंदबाज की जगह पिछले एक साल से अधिक समय से अपने सर्वश्रेष्ठ स्पिनर को टीम में जगह देगा। टूर्नामेंट की शुरुआत में कप्तान रोहित शर्मा ने चार हरफनमौलाओं (हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा) को अंतिम एकादश में रखने पर जोर दिया था। न्यूयॉर्क में गेंदबाजों की मददगार पिच पर यह रणनीति भारत के लिए कारगर भी साबित हुई। इससे आठवें नंबर तक बल्लेबाजी को गहराई मिलती है और कप्तान इस संयोजन में छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे।

### पिच से स्पिनरों को मिलेगी मदद

कुलदीप को टीम में लाने के लिए मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह को बाहर रखना होगा। ऐसा होने पर सिराज को बाहर रहना पड़ सकता है। भारतीय टीम के दो अभ्यास सत्रों को देखें तो पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के कारण कुलदीप का दावा पुख्ता होता है।

### फार्म में नहीं कोहली

भारतीय प्रशंसकों की नजरें कोहली पर लगी होंगी जो अभी तक इस टूर्नामेंट में दोहरे अंक तक नहीं पहुंचे हैं। न्यूयॉर्क में वह अपनी चिर परिचित शैली से कामयाब नहीं रहे लेकिन वेस्टइंडीज में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में शामिल किए गए दुबे अभी तक अपनी रंगत में एक ही बार दिखे हैं।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक के बाद डॉक्टर की सलाह लेंगे नीरज

तुर्कु। ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद 'एडक्टर' (जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों) में होने वाली तकलीफ के इलाज के लिए डॉक्टरों से सलाह लेंगे। एक महीने के ब्रेक के बाद ट्रैक और फील्ड पर लौटे चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। चोपड़ा ने पिछले महीने एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापिस ले लिया था चूंकि वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहज महसूस कर रहे थे।

### अल्काराज की क्वींस क्लब के पहले दौर में शानदार जीत

लंदन। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्वींस क्लब में पहले मैच में फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6-1, 7-5 से हराकर ग्रासकोर्ट सत्र का जीत के साथ आगाज किया जबकि एंडी मर्रे ने टूर स्तर पर 1000वां मैच जीता। फ्रेंच ओपन खिताब विजेता अल्काराज का ग्रासकोर्ट पर जीत का अभियान 13 मैचों का हो गया है।उन्होंने पिछले साल क्वींस क्लब खिताब जीतने के बाद विम्बलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा। पांच बार के चैंपियन मर्रे ने अलेक्जेइ पोपिरिन को 6-3, 3-6, 6-3 से मात दी।

**दो शतक की बदौलत भारत ने 50 ओवर में तीन विकेट गंवाकर बनाए 325 रन**

**वनडे : कप्तान और उपप्तान ने की 171 रन की साझेदारी**

# मंधाना का रिकॉर्ड लगातार दूसरा शतक, हरमनप्रीत 103 पर नाबाद

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में स्मृति मंधाना ने शतक जड़ा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले वनडे में भी उन्होंने 117 रन की पारी खेली थी। अब लगातार दूसरा शतक जड़कर उन्होंने इतिहास रच दिया है। मंधाना ने 120 गेंद में 18 चौके और दो छक्के की मदद से 136 रन की पारी खेली। वहीं, उपकप्तान के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी शतक लगाया। वह 88 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 103 रन बनाकर नाबाद रहीं। इन दो शतक की बदौलत भारत ने 50 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 325 रन बनाए।


मंधाना वनडे में लगातार दो शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी और ओवरऑल 10वीं महिला खिलाड़ी बन गईं। इन 10 खिलाड़ियों ने मिलकर 11 बार ऐसा किया है। मंधाना से पहले एमी सैथटरवेट, जिल केन्नारे, डेबोरा हॉकी, केएल रॉन्टन, मेग लैनिंग, टैमी ब्यूमोंट, एलिसा हीली, नेट शीवर ब्रंट और एल वोल्वार्ड्ट ऐसा कर चुकी हैं। मंधाना का यह वनडे करियर का सातवां शतक रहा। उन्होंने दिग्गज मिताली राज के वनडे में सात शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। वह अब मिताली के साथ वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी के मामले में शीर्ष पर हैं।



### 84 वनडे में की रिकार्ड की बराबरी

यह भी गौर करने वाली बात है कि मंधाना ने सात शतक 84 वनडे पारियों में लगाए हैं। वहीं, मिताली को इसके लिए 211 वनडे पारियां खेलनी पड़ी थीं। मंधाना के सातों शतक ओपनिंग करते हुए आए हैं। इससे पहले भारत की किसी भी ओपनर ने दो से ज्यादा शतक नहीं लगाए थे। मंधाना की 136 रन की पारी वनडे में किसी भारतीय महिला खिलाड़ी द्वारा भारतीय सरजमीं पर उच्चतम स्कोर है।

### हरमनप्रीत की छठी वनडे सेंचुरी



मंधाना के अलावा कप्तान हरमनप्रीत ने वनडे करियर का छठा शतक जड़ा। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम को 38 के स्कोर पर पहला झटका लगा था। शेफाली वर्मा 38 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुई थीं। वहीं, हेमलता ने 24 रन की पारी खेली। इसके बाद मंधाना ने हरमनप्रीत के साथ मिलकर 171 रन की साझेदारी निभाई। मंधाना को मलाबा ने पवेलियन भेजा। इसके बाद हरमनप्रीत ने ऋचा घोष के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। ऋचा 13 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मलाबा ने दो विकेट लिए, जबकि क्लास को एक विकेट मिला। पहला वनडे भारत ने 123 रन से अपने नाम किया था।

**सबसे ज्यादा शतक**
(भारतीय महिला खिलाड़ी)

| खिलाड़ी | शतक |
|---|---|
| स्मृति मंधाना | 7 |
| मिताली राज | 7 |
| हरमनप्रीत कौर | 6 |
| पूनम राउत | 3 |

## Ch. Devi Lal Coop. Sugar Mills Ltd., Gohana.

**Tender Notice**

Contact Numbers: 9050001542 (SSM)
9813819264(C.E)
: 8199040406 (APO)

Online tenders are invited from Manufacturers Traders/ Authorized Distributors/ Experienced (Sugar) Exporters for following items.

1. Job work - Dynamic Balancing & Ultrasonic Testing of Various Shaft & Thickness Monitoring of Tubes.
2. Purchase of General hardware Items
3. Purchase of Pipes & Pipe Fittings.
4. Purchase of Cane Cutting Knives & Hammer Tip
5. Supply, Dismantling, Fabrication & Erection of injection Header.
6. Labour Contract for Boiler Civil/Refractorywork.
7. Purchase of Complete Bearing Housing of Cont. M/c 1150.
8. Purchase of 750 KVA, D.G. Set (CPCB-4 Model).
9. AMC of power Turbine and Turbo feed pump, Make Bellis.
10. AMC of TST 1030-M-174 Major Overhauling(3 MW Triveni make Turbine)
11. A.M.C. for AVR & Alternator.
12. Servicing & Overhauling of ACB (Make L&T and Siemens).
13. Purchase of S.S. Wire netting.
14. Purchase of S.S. Tube.
15. Purchase of Air Compressor Spare.
16. Purchase of Pump & Pump Spare.
17. AMC of MILL HOUSE & D.C. Drive C/F (Siemens Make).
18. AMC for 2MW Co-Generation System.
19. AMC of VFD.
20. Purchase of Electrical spare Siemens & L&T Make. (Rate Cont.)*
21. Purchase of M.S. & H.T. NUT BOLT, (Rate Cont.)
22. Purchase of Welding Electrode. (Rate Cont.)
23. Purchase of Nickle Screen
24. Servicing & Overhauling of UG Actuator & Govrenor Control -505.
25. Purchase of Ball Bearing (SKF/FAG/Koyo/OKG Make) Rate Contract
26. Contract for Cleaning & Painting of Process equipments.
27. Ceramic Coating on Pumps
28. Purchase of Tube Clanging Equipments.
29. A.M.C. for Automation of Boiler & Mill Instruments.
30. Purchase of Pump & Pump Spare (KSB Make)
31. Supply of Bechem Grease as Mill Lubricant.
32. Purchase of Packing & Jointing.
33. Purchase of General Electrical Spare.
34. Purchase of valves & Cock.
35. Repairing of Vacuum Filters.
36. Dismantling & Commissioning of I.D. Fan Shaft.
37. Purchase of Vacuum Filter Spares.
38. Supply, Dismantling, Fabrication & Erection of Center shaft of Juice clarifier.
39. Purchase of Gun Metal Items.
40. Contract for running Effluent Treatment Plant, Running of Environmental Lab, running of Air Ambient Quality Monitaring System Machines 3 Nos. for crushing season 2024-25.
41. AMC of Online effluent monitoring system and Air Emission monitoring system for season-2024-25 & Data transfer by your server to CPCB/HSPCB
42. Purchase of Turbine spare & Job work of Turbine.
43. Sales of 4360 Qtl BISS Ungraded Sugar (For Industrial Use Only)
44. Sale of 50000 Qtl Molasses (Production year 2023-24) stored in steel Tanks.
45. Special roof repair of residential quarter block(2 No.) of B type colony.
46. ACC sheet fixing on labour rate by replacing old ACC sheet / CGI sheet/ Metallic colour sheet in factory roof and vertical cladding.
47. Purchase of ACC Sheet.
48. Replacement of Poles & Cables.
49. Rewinding of 180 HP DC Motor.

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in/. On line (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / submitted **latest by 25/06/2024 up to 11:00 AM** on this site. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. **Tenders will be opened on 11:30 AM of 25-06-2024.** Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. **The negotiations will be held on 28/06/2024 at 11-00 AM in BOA meeting.**

**Managing Director**

## यूरो 2024

# पुर्तगाल का जीत के साथ आगाज



एजेंसी ▶▶| लीपजिग

स्टॉपेज टाइम में सब्स्टीट्यूट फ्रांसिस्को कोंसिकाओ के गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा। चेक गणराज्य के लिए लुकास प्रोवोड ने 62वें मिनट में गोल दागा। इसके आठ मिनट बाद पुर्तगाल के लिए रानाक ने रिबाउंड पर बराबरी का गोल किया। इससे करीब 24 साल पहले कोंसिकाओ के पिता सर्जियो ने हैट्रिक लगाकर गत चैंपियन जर्मनी को यूरो 2000 से बाहर किया था। छह यूरो चैंपियनशिप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर सके। वह पुर्तगाल के लिए टूर्नामेंट के इतिहास में 14 गोल कर चुके हैं। ग्रुप एफ के अन्य मैच में तुर्की ने जॉर्जिया को 3-1 से हराया।



### ओसाका, राडुकानू और कर्बर को वाइल्ड कार्ड

विंबलडन। पूर्व ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका, कैरोलिन वोज्नियाकी, एंजेलिक कर्बर और एम्मा राडुकानू को विम्बलडन के लिए वाइल्ड कार्ड दिए गए हैं। विंबलडन एक जुलाई से शुरू होगा। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका और तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करेंगी। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन राडुकानू 2023 में कलाई और टखने की सर्जरी के बाद पहली बार खेलेंगी।

# उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन यादों के लिए धन्यवाद : स्टिमक

**■ अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा बर्खास्तगी से हुई कड़वाहट**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा बर्खास्तगी से हुई कड़वाहट के बाद इगोर स्टिमक ने खिलाड़ियों के साहस और जज्बे की प्रशंसा करते हुए बुधवार को कहा कि जब वह पहली बार देश के कोच बने थे तो उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह व्यक्तिगत रूप से इतना जुड़ जाएंगे।



भारत के कतर से दूसरे दौर के अंतिम ग्रुप मैच में हारकर 2026 विश्व कप क्वालीफायर से बाहर होने के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया। स्टिमक ने ऐसा करने के लिए एआईएफएफ को धमकी दी कि अगर दस दिन के भीतर उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह फीफा ट्रिब्यूनल में उसके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे। स्टिमक ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भड़ास निकालते हुए उन पर उनका अनुबंध कई बार तोड़ने का आरोप लगाया और फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर में भारत के दूसरे दौर से आगे नहीं जा पाने के लिए भी उन्हें जिम्मेदार ठहराया। स्टिमक ने कहा कि भारत में कार्यकाल के दौरान उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ा है और वह एआईएफएफ से दोबारा कुछ सुनना नहीं चाहते।

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | गांव मिंडकोला (एम.सी. हथीन) में खरीद केन्द्र में हाई मास्ट लाइटिंग का प्रावधान व स्थापना (माननीय सी.एम. घोषणा कोड 27393 दिनांक 12.04.2023) + 1 कार्य। | 18.06.2024 04.07.2024 | 58.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26937/I/88/6 दि. 19.06.24

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II/यूएमबी के अधीन एसएसई/पीवे/बरनाला अनुभाग में टीआरआर एवं अन्य विविध कार्य। | ₹48,70,915/- | ₹97,400/- | 06 महीने | 12.07.2024 |
| 2. | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II/यमएमबी के अधीन एडीईएन/बठिंडा के अनुभाग में Through Turnout Renewal और टर्नआउट के सुपरस्ट्रक्चर के नवीनीकरण से संबंधित कार्य। | ₹43,36,563/- | ₹86,700/- | 06 महीने | 12.07.2024 |
| 3. | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II/यूएमबी के अधीन सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अनुभाग में आरपीजे-डीयूआई के बीच आरसीसी बॉक्स के साथ आर्च ब्रिज नंबर 63, 93, 103, 148 का पुनर्निर्माण। | ₹93,51,595/- | ₹1,87,700/- | 06 महीने | 12.07.2024 |
| 4. | LIDAR सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करके यार्ड और अनुभाग का क्रमिक सत्यापन | ₹32,26,084/- | ₹64,500/- | 03 महीने | 12.07.2024 |

**नोटः 1)** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2)** अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे। **3)** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **4)** ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। **5.** जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 12-अम्बाला/2024-25 दिनांकः 18.06.2024** **1838/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पेरिस ओलंपिक खेलेंगे जोकोविच

एजेंसी ▶▶| लंदन

सर्बियाई ओलंपिक समिति ने पुष्टि की है कि नोवाक जोकोविच आगामी पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल से पहले घुटने की सर्जरी के कारण पीछे हटने वाले जोकोविच ने उम्मीद जताई कि वह जल्दी प्रतिस्पर्धा में लौटेंगे। सर्बियाई समिति ने कहा कि जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक खेलने की पुष्टि की है जो उनका पांचवां ओलंपिक होगा। जोकोविच ने कहा कि उनके दाहिने घुटने की सर्जरी सफल रही है। पेरिस ओलंपिक की टेनिस स्पर्धाएं 27 जुलाई से शुरू होंगी। जोकोविच ने 2008 बीजिंग



ओलंपिक में पदार्पण करते हुए कांस्य पदक जीता था।

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में शिव मंदिर के निकट सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना + 2 कार्य। | 18.06.2024 27.06.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26939/I/88/6 दि. 19.06.24

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद थानेसर | दुखभंजन कॉलोनी, वार्ड नं. 23, एम.सी. थानेसर में झागीर के मकान से जय किशन मास्टर के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण और साथ लगती गलियों की मरम्मत + 12 कार्य। | 14.06.2024 21.06.2024 | 92.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708374707 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26931/I/88/6 दि. 19.06.24

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | नगर परिषद झज्जर में मातुराम पार्क का विकास + 2 कार्य। | 14.06.2024 08.07.2024 | 1.08 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26928/I/88/6 दि. 19.06.24

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | सीसीटीवी कैमरा का वार्षिक रखरखाव। | 18.06.2024 26.06.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26941/I/88/6 दि. 19.06.24

## चिंतन

# खालिस्तानी आतंकवाद को पनाह देना बंद करे कनाडा

कनाडा को आतंकवाद पर अपना रुख स्पष्ट करना पड़ेगा। आतंकवाद पर सिलेक्टिव रवैया उसे ही भारी पड़ सकता है। भारत आतंकवाद के खिलाफ दशकों से लड़ रहा है। भारत खालिस्तानी आतंकवाद और कट्टर इस्लामिक आतंकवाद दोनों का सामना कर रहा है। दोनों आतंकवाद को खादपानी विदेशी सरजमीं से मिल रही है। खालिस्तानी गतिविधियों में लिप्त लोग बरसों से कनाडा में रह रहे हैं। कनाडा आंख मूंदे हुए है। अभी आतंकवाद पर भारत ने कनाडा को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जवाब भी ऐसा कि इससे न केवल ट्रूडो सरकार बल्कि दुनियाभर के खालिस्तानी आतंकी भी तिलमिला जाएं। खालिस्तानी आतंकवाद का समर्थन करने के मुद्दे पर भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। कनाडा ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की बरसी पर अपनी संसद में मौन रख कर भारत को चिढ़ाने का प्रयास किया, तो भारत ने कनाडा को कनिष्क विमान बम विस्फोट की याद दिला कर बताया है कि उसके यहां कैसे वर्षों से खलिस्तानी आतंकवाद जड़ जमाए हुए है, और वो पोषक बना हुआ है। आतंकवाद को लेकर अगर कनाडा नहीं संभला तो उसकी हालत भी अफगानिस्तान, पाकिस्तान जैसी हो सकती है, जहां आतंकवाद अब इन देशों के लिए भस्मासुर साबित हो रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी राजनीति के लिए आग से खेल रहे हैं, हालांकि कनाडा में अब उनकी लोकप्रियता तेजी से गिर रही है, कनाडा के गैर सिख वासियों के बीच ट्रूडो की साख तेजी से गिरी है। अभी जी-7 की बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी ने कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो से अलग से मुलाकात की है और खालिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण को लेकर भारत की चिंता को जाहिर की है। इसके तुरंत बाद कनाडाई संसद का खालिस्तानी आतंकवादी व भारत में वांछित निज्जर की हत्या की बरसी पर मौन रखना दर्शाता है कि उसे भारत की चिंता की परवाह नहीं है। अब भारत ने भी कनिष्क विमान बम विस्फोट की 39वीं बरसी 23 जून को मनाने का फैसला किया है। नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए बैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मॉन्ट्रियल-नई दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों सहित सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से 268 भारतीय मूल के कनाडाई थे व 24 भारतीय थे। यह नागरिक उड्डयन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद-संबंधी हवाई दुर्घटनाओं में से एक थी। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के प्रतिशोध में किया गया था। कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकी के महिमामंडन और खालिस्तान चरमपंथियों को खुली छूट भारत को अस्वीकार्य है। कनाडा में पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी को भी भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।




विशेष
शिवप्रकाश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्मरण करते हुए कहा 'कुछ ही दिनों में देश छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की 350वीं वर्षगांठ मनाएगा, उनका जीवन ध्येय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है।' छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 1731 को रायगढ़ में हुआ था। पुर्तगाली एवं ब्रिटिशों सहित अनेक विदेशी लेखकों ने छत्रपति शिवाजी की तुलना महानतम सेनापति नेपोलियन, सीजर, सिकंदर के साथ करते हुए उनकी वीरता, प्रशासनिक कुशलता एवं युद्ध शैली की प्रशंसा की है। हम शिवाजी के जीवन आदर्श से प्रेरणा लेकर अपने देश को आत्मनिर्भर, विश्व वन्दनीय भारत बनाएं।

# सुशासन के प्रतीक-छत्रपति शिवाजी

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत के उपलक्ष्य में आयोजित धन्यवाद भारत कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्मरण करते हुए कहा 'कुछ ही दिनों में देश छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की 350वीं वर्षगांठ मनाएगा, उनका जीवन ध्येय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है।' छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 1731 को रायगढ़ में हुआ था। अंग्रेजी तिथि के अनुसार 6 जून 1974 की पुण्यतिथि थी। पुर्तगाली एवं ब्रिटिशों सहित अनेक विदेशी लेखकों ने छत्रपति शिवाजी की तुलना महानतम सेनापति नेपोलियन, सीजर, सिकंदर के साथ करते हुए उनकी वीरता, प्रशासनिक कुशलता एवं युद्ध शैली की प्रशंसा की है।

16 फरवरी 1630 ई. शिवनेरी किले में शिवाजी महाराज का जन्म शाहजी भोंसले एवं माता जीजाबाई के परिवार में हुआ। उनके जन्म के समय परिस्थिति कैसी थी इसका वर्णन समर्थ गुरुरामदास महाराज ने अपने 12 वर्ष के भारत भ्रमण के बाद इस प्रकार किया "या भूमंडलाचे ढायी, धर्मरक्षा ऐसा नाही" इस समय इस भूमंडल पर धर्मरक्षक कोई नहीं है। संपूर्ण देश में कोई भी मंदिर सुरक्षित नहीं है। सामान्य जनता मुगलों के अत्याचार से कराह रही है, किसी भी नदी का जल पवित्र नहीं है जिससे अभिषेक किया जा सके। इस विकट परिस्थिति में छत्रपति शिवाजी ने अपने रणकौशल एवं बुद्धिकौशल से स्वराज की स्थापना की। उनके कुशल प्रशासन को देखने के बाद पुनः स्वयं समर्थ रामदास महाराज ने कहा "आचारशील, विचारशील, न्यायशील, धर्मशील, सर्वज्ञ सुशील जाणता राजा।" किसी भी कार्य की सफलता का आधार नेतृत्वकर्ता के सहयोगी कैसे है इस पर निर्भर करता है। शिवाजी ने सहयाद्रि में निवास करने वाले सामान्य गरीब, किसान, युवकों में स्वराज की प्रेरणा जगाई। समाज के सामान्य वर्ग से निकले इन्हीं योद्धाओं ने अपने जीवन की बाजी लगाकर स्वराज स्थापना का श्रेष्ठतम कार्य किया। औरंगजेब अपनी सेना के एक-एक सेनापति से तुलना करते हुए शिवाजी के सेनापतियों की विशेषता का वर्णन करते हुए कहता है "वे झुकते नहीं, रुकते नहीं, थकते नहीं और बिकते भी नहीं।" छत्रपति शिवाजी का शासन लोक कल्याण एव पारदर्शिता से युक्त था। वित्त प्रबंधन को लेकर वे सदैव सजग थे। मंत्रालयों की समीक्षा करते समय उन्होंने अपने लेखपाल से पूछ लिया कि कल तक का हिसाब दैनिंदनी में चढ़ा अथवा नहीं, नकारात्मक उत्तर होने पर लापरवाही के लिए कठोर दंड भी दिया। लगान के उचित संग्रह में लापरवाही पर देश कुलकर्णी आपाजी से जुर्माना भी लिया एवं पद मुक्त भी किया। भ्रष्टाचारविहीन शासन छत्रपति शिवाजी के शासन का वैशिष्टय था। भ्रष्टाचारयुक्त शासन के लिए उन्होंने रिश्वत लेने पर अपने सौतेले मामा मोहिते को भी कारागार में डाल दिया था। 13 मई 1671 के अपने पत्र में वे लिखते हैं कि अगर आप जनता को तकलीफ देंगे, कार्य सम्पादन में रिश्वत मागेंगे तो जनता को लगेगा कि इससे तो मुगलों का शासन ही अच्छा था। छत्रपति शिवाजी ने अपने स्वराज



संचालन के लिए अष्ट प्रधान शासन प्रणाली की व्यवस्था दी थी। शिवाजी जहाँ एक दूरदर्शी योद्धा थे, वहीं वह एक कुशल प्रशासक भी थे। स्वदेशी जलपोत निर्माण के लिए मुंबई के पास कल्याण एवं भिवंडी में उनके द्वारा स्थापित जलपोत निर्माण करवाना, व्यापार एवं सुरक्षा के प्रति उनकी दृष्टि की ओर इंगित करता है। अंग्रेजों से तोप निर्माण की तकनीक न मिलने पर उन्होंने फ्रांस के सहयोग से पुरन्दर किले पर तोपखाना स्थापित कराया। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का यह मन्त्र वर्तमान की सरकार का मन्त्र भी बना है। भूमि का मापन, पैदावार का मूल्यांकन, आपदा में होने वाली हानि के मूल्यांकन की व्यवस्था शिवाजी महाराज ने उस समय की थी। सिंचाई के लिए बांध, तालाबों, कुएं, बावड़ी एवं जलाशयों का निर्माण उनकी दूरदर्शिता को प्रकट करते हैं। स्वस्थ भूमि, स्वस्थ उत्पाद, स्वस्थ पर्यावरण के लिए फसलों में विविधता, फलदार वृक्षों को लगवाना उनकी कृषि एवं पर्यावरण के प्रति दृष्टि को प्रकट करते हैं।

महिलाओं के प्रति उनके हृदय में सम्मान एवं महिलाओं के प्रति कुदृष्टि डालने पर कठोर दंड उनके शासन की व्यवस्था थी। मुस्लिम महिला गोहरबानू के प्रति उनके उदगार काश मेरी मां भी इतनी सुन्दर होती, सखोजी गायकवाड़ को दंड उनकी न्यायप्रियता को प्रकट करते हैं। स्वराज के हित को प्रथम रखते हुए उन्होंने व्यापारिक संबंध सभी से रखे थे। व्यापार के लिए मध्य एशिया के देशों तक उन्होंने संबंध बनाए थे। उसमें मस्कट के इमाम भी प्रमुख थे। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टि को अपने राज्य संचालन का आधार बनाया। उनके शासन में वृद्ध, बीमार एवं बच्चों को छोड़कर अन्य किसी के लिए भी मुफ्त सुविधा की व्यवस्था नहीं थी। छत्रपति शिवाजी की शासन प्रणाली में स्वभाषा एवं स्वसंस्कृति को विशेष महत्व था। गुलामी के प्रतीकों को हटाकर स्वाभिमानी समाज जागृत करने के लिए उन्होंने किलों के नामों को नामांतरण भी किया। उर्दू और फारसी के शब्द बदलकर स्वराज संचालन के लिए 1400 हिन्दी शब्दों का कोष भी बनाया था। शिवाजी की गुप्तचर व्यवस्था, शत्रु को पहचानने की उनकी अचूक दृष्टि उनको शेष भारतीय राजाओं से अलग करती है। उत्तर भारत की मुग़ल शक्ति एवं दक्षिण की आदिलशाही, कुतुबशाही के भेद का उन्होंने उचित उपयोग किया था। शत्रु की कमजोरी उनके साथ जैसे को तैसा व्यवहार शाइस्ताखान, अफजलखान एवं औरंगजेब से युद्ध करते समय उन्होंने अपनाया था। व्यापार एवं सुरक्षा के लिए नौसेना के महत्व को पहचान कर सिंधुदुर्ग सहित समुंद्र किनारे अनेक दुर्गों की स्थापना उन्होंने की थी। शिवाजी ने न केवल हिन्दवी साम्राज्य स्थापित किया, बल्कि सम्पूर्ण समाज में स्वराज, स्वधर्म के प्रति समर्पण की भावना भी जागृत की। देशभर में स्वराज की रक्षा के लिए संघर्षरत समस्त राजाओं के प्रेरणा पुंज भी वह बने। अपनी माता की मृत्यु के समय भी बिना अवकाश लिए वे राज्य का सूत्र संचालन करते रहे। स्वराज संस्थापन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना ही उनकी प्रेरणा थी। स्वराज स्थापन यह "श्री" का कार्य है यह मान कर उन्होंने सम्पूर्ण जीवनभर संघर्ष किया। अपने सहयोगियों में भी उन्होंने यही भाव कूट-कूट कर भरा था। सहयोगियों से वे कहते थे कि हमारे कार्य की दिशा ठीक है यह पवित्र कार्य है। हमारा कार्य पवित्र होने के करण पवित्र अदृश्य शक्तियां हमारा सहयोग करेंगी। मां तुलजा भवानी एवं परमेश्वर पर यह आस्था ही उनके संघर्ष की प्रेरणा थी। निमित्तता के इसी निस्वार्थ भाव के कारण उन्होंने एक कागज पर लिखकर अपना राज्य अपने प्रेरणा स्त्रोत समर्थ रामदास स्वामी महाराज की छोली में डाल दिया था।

हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के इस पुनीत अवसर पर हम छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन आदर्श से प्रेरणा लेकर अपने देश को आत्मनिर्भर, आर्थिक सम्पन्न, सुरक्षित एवं सांस्कृतिक मूल्यों से संरक्षित कर विश्व वन्दनीय भारत बनाएं।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

टेक के खतरे
शैलजा सिंह



# एआई में अंतर्निहित समस्याएं

हम सभी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बहुत कुछ सुना और पढ़ा है। आप में से कइयों ने संभवतः उपलब्ध हो रहे अनगिनत एआई उपकरणों में से कुछ का उपयोग भी किया होगा। कुछ लोगों के लिए, एआई एक जादू की छड़ी की तरह लगता है, जो हर मुश्किल आसान कर सकता है, लेकिन ताजा अध्ययन के मुताबिक, एआई परफेक्ट नहीं है। इसमें खतरनाक अंतर्निहित समस्याएं हैं, जिन्हें ठीक करना मुश्किल है। इसमें कोई दोराय नहीं कि एआई डिजिटल दुनिया को तेजी से बदल रही है, यह वह तकनीक है, जो मानव मस्तिष्क की तरह कृत्रिम मेधा की संरचना विकसित कर रही है। इसके बहुत लाभ हैं, हर क्षेत्र में एआई का प्रवेश हो रहा है। एक ही काम को बार-बार दोहराना, डिजिटल सहायक, मानवीय त्रुटि को दूर करना, जोखिम भरे काम करना, बिना थके उपलब्धता, त्वरित निर्णय लेना, बेहतर स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट ऑटोमेशन, रोबोटिक्स व लॉजिस्टिक्स, भविष्यसूचक विश्लेषण, नवाचार और रचनात्मकता, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण आदि एआई के फायदे हैं। लेकिन इसके नुकसान भी हैं, जिसके चलते इसको बनाने वाले से लेकर इसके उपयोग करने वाले तक दुनिया की सरकारों को चेता रहे हैं कि एआई को नियंत्रित रखने के लिए सरकारें नया कानून बनाएं। आई उपयोगकर्ताओं के लिए कई नुकसान पैदा करता है। उनमें से कुछ में प्रौद्योगिकी पर निर्भरता और आलोचनात्मक सोच की कमी, कम मानवीय संपर्क, डेटा गोपनीयता और सुरक्षा में नैतिक चिंताएं, तकनीकी सीमाएं और त्रुटियां आदि शामिल हैं। जैसे, न्यूयॉर्क शहर के एक चैटबॉट ने लोगों को कानून तोड़ने की सलाह दी, और गूगल का एआई ओवरव्यू लोगों को चट्टानें खाने के लिए कह रहा है। मुद्दे की बात यह है कि एआई प्रणाली की कुछ अंतर्निहित कमियां हैं।

**वास्तविक दुनिया में परेशानी** : सभी एआई प्रणालियों के लिए अंतर्निहित मुद्दों में से एक यह है कि वे वास्तविक दुनिया की सेटिंग्स में 100% सटीक नहीं हैं। उदाहरण के लिए, एक पूर्वानुमानित एआई प्रणाली को अतीत के डेटा बिंदुओं का उपयोग करके प्रशिक्षित किया जाएगा। यदि एआई को कुछ नया मिलता है - जो प्रशिक्षण डेटा में किसी भी चीज़ के समान नहीं है - तो यह संभवतः सही निर्णय लेने में सक्षम नहीं होगा। एक काल्पनिक उदाहरण के रूप में, आइए एआई-संचालित ऑटोपायलट प्रणाली से सुसज्जित एक सैन्य विमान लें। यह प्रणाली अपने प्रशिक्षण ज्ञान आधार की बदौलत कार्य करेगी। लेकिन एआई सिर्फ गणितीय गणना है। एक प्रतिकूल स्थिति ऐसी बाधाएं पैदा कर सकती है जिसे विमान एआई देख नहीं सकता क्योंकि वे प्रशिक्षण डेटा में नहीं हैं, जिससे संभावित विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

**प्रशिक्षण डेटा में पूर्वाग्रह** : आपने एआई द्वारा पक्षपातपूर्ण निर्णय लेने के बारे में सुना होगा। आमतौर पर, पूर्वाग्रह तब होता है जब हमारे पास असंतुलित डेटा होता है। सरल शब्दों में, इसका मतलब यह है कि एआई प्रणाली को प्रशिक्षित करते समय, हम इसे एक प्रकार के परिणाम के बहुत सारे उदाहरण और दूसरे प्रकार के बहुत कम उदाहरण दिखा रहे हैं। आइए एक एआई प्रणाली का उदाहरण लें जो किसी व्यक्ति द्वारा अपराध करने की संभावना की भविष्यवाणी करने के लिए प्रशिक्षित है। यदि सिस्टम को प्रशिक्षित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले अपराध डेटा में ज्यादातर समूह ए (मान लीजिए, एक विशेष जातीयता) के लोग हैं और समूह बी से बहुत कम लोग हैं, तो सिस्टम दोनों समूहों के बारे में समान रूप से नहीं सीख पाएगा। परिणामस्वरूप, समूह ए के लिए इसकी भविष्यवाणियों से ऐसा प्रतीत होगा कि ये लोग समूह बी की तुलना में अपराध करने की अधिक संभावना रखते हैं। यदि सिस्टम का उपयोग बिना सोचे-समझे किया जाता है, तो इस पूर्वाग्रह की उपस्थिति के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। एआई को पूर्वाग्रह बनाए रखने से रोकने के लिए संतुलित डेटा का होना महत्वपूर्ण है।

**ऑफ़लाइन प्रशिक्षण की समस्या** : एआई के साथ एक और समस्या तब उत्पन्न हो सकती है जब इसे ऑफ़लाइन प्रशिक्षित किया गया हो और यह उस समस्या की गतिशीलता के साथ अद्यतित न हो, जिस पर इसे काम करना है। एक सरल उदाहरण किसी शहर में दैनिक तापमान की भविष्यवाणी करने के लिए विकसित की गई एआई प्रणाली होगी। इसके प्रशिक्षण डेटा में इस स्थान के तापमान डेटा पर सभी पिछली जानकारी शामिल है। एआई का प्रशिक्षण समाप्त होने और तैनात होने के बाद, मान लीजिए कि एक गंभीर जलवायु घटना सामान्य मौसम की गतिशीलता को बाधित करती है। चूंकि भविष्यवाणियां करने वाली एआई प्रणाली को उस डेटा पर प्रशिक्षित किया गया था जिसमें यह व्यवधान शामिल नहीं था, इसलिए इसकी भविष्यवाणियां तेजी से गलत हो जाएंगी।

(लेखिका साहित्यकार व टेक विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
दर्शन

अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

# जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। पहले ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया कि वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले, परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था, इसलिए उसे सारी संपत्ति वापस मिल गई। दूसरा मित्र निर्धन बन गया, मगर पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है कि एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते हैं, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते हैं, न ईश्वर का साक्षात्कार करते हैं। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया है- शरीर रूप बंधन में आकर जीवात्मा जहां तहां भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### रेलवे की फिर लापरवाही घातक साबित हुई

समय-समय पर रेलवे की लापरवाही बहुत से लोगों की जान को आफत में डाल देती है और जान पर भी भारी पड़ जाती है, लेकिन रेलवे पता नहीं क्यों ऐसे हादसों से सबक नहीं लेता है। अब रेलवे की लापरवाही पश्चिम बंगाल और बिहार की सीमा पर देखने को मिली। वहां मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कुछ लोगों की जान चली गई और कुछ घायल हो गए। अगर मालगाड़ी की रफ्तार तेज होती तो फिर न जाने और कितने लोगों की जान पर यह रेलवे की लापरवाही पड़ जानी थी। कुछ महीने पहले ओडिशा में बहुत ही दिल दहलाने वाला ट्रेन हादसा हुआ था। यहां तीन ट्रेनें आपस में टकराई थी। इस हादसे में सैकड़ों लोगों की जान चली गई और बहुत से लोग घायल हुए थे। ऐसा ही हादसा आंध्र प्रदेश में भी हुआ था। *-सुशील त्यागी, कांकेर*

## करंट अफेयर

# आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत सबसे आगे



नागरिक विमानन के इतिहास में सबसे जघन्य आतंकवाद से संबंधित हवाई दुर्घटना कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। इनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख आतंकवादियों पर लगाया गया था। यह विस्फोट कथित तौर पर 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए किए गए 'ऑपरेशन ब्लूस्टार' के प्रतिशोध में किया गया था। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बम विस्फोट की बरसी पर एक स्मृति कार्यक्रम की योजना बनाई है। वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर लिखा, 'भारत आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।'

## ऑफ बीट

# मजे के लिए पक्षियों को तीखे रसायन की तलाश



पक्षियों को विभिन्न कारणों से तीखे रसायनों की तलाश रहती है। कुछ पक्षी सड़े फलों को बड़े चाव से खाते हैं और इसके दुष्परिणाम भुगतते हैं। कुछ पक्षी बदबूदार चींटियों के संपर्क में रहते हैं। ये चींटियाँ उपयोगी रोगाणुरोधी और कीट विकर्षक का उत्पादन करती हैं। हमारे हालिया शोध में, मेरे सहयोगियों और मैंने नॉरफ़ॉक द्वीप के हरे तोतों को शिकार के दौरान अपने पंखों और त्वचा पर काली मिर्च के पेड़ की छाल और कोंपलों लगाते हुए देखा। हमारा मानना है कि यह किसी पक्षी द्वारा परजीवियों से छुटकारा पाने के लिए पौधों के पदार्थ का उपयोग करने का एक दुर्लभ उदाहरण है। लेकिन इसमें और भी कुछ हो सकता है। ऐसा लगता है कि ये पक्षी इस सब में आनंद ले रहे हैं। एक सदी से भी अधिक समय से, वैज्ञानिक चींटी के उद्देश्य पर उलझन में हैं। जब पक्षी इस तरह के व्यवहार में संलग्न होते हैं, तो वे या तो सक्रिय रूप से चींटियों को फैलाते हैं या बस चींटियों को अपने पंखों के माध्यम से चलने देते हैं। बचाव में चींटियाँ फॉर्मिक एसिड छोड़ती हैं। क्या पक्षी इस एसिड से मजा लेते हैं? हो सकता है कि काली मिर्च के पेड़ की छाल का औषधीय प्रभाव भी अधिक हो। इसकी अत्यधिक संभावना है कि ऐसी स्व-चिकित्सा उत्तेजक होती है।

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता दोहराते हैं



विश्व सिकल सेल दिवस पर, हम इस बीमारी पर काबू पाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। पिछले साल, हमने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था। हम जागरूकता पैदा करने, सार्वभौमिक जांच, जैसे पहलुओं पर काम कर रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शिक्षा यात्रा के 23 साल पूरे



15,000 किलोमीटर की देशव्यापी 'शिक्षा यात्रा' के समापन के 23 साल पूरे हो गए हैं। हमने मांग की कि मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया जाए। हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून बनाया गया।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### सदन ज़ोर से नहीं चलेगा



कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि सदन का तापमान बढ़ने वाला है। अब सदन जबरन ज़ोर ज़बरदस्ती से नहीं चलेगा। अब 14 मिनट राहुल गांधी के बोलने पर 11 मिनट स्पीकर नहीं दिखाए जाएंगे। मनबढ़ई और तानाशाही का इलाज जनता ने कर दिया।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### तुरंत सम्मान दें



मेरे गुरु मुझसे कहते हैं, "इस कहावत को स्वीकार न करें कि 'सम्मान अर्जित किया जाता है', बल्कि तुरंत सम्मान दें, और यह व्यक्ति पर निर्भर है कि वह अपने व्यवहार के आधार पर इसे बनाए रखे या खोए।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### अमरवाड़ाः इनवती होंगे कांग्रेस के उम्मीदवार

**भोपाल (भाषा)।** कांग्रेस ने बुधवार को मध्यप्रदेश में अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए धीरन शाह इनवती को अपना उम्मीदवार घोषित किया। यह विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा जिले में आता है। इनवती का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं तीन बार के विधायक कमलेश शाह से होगा। शाह लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए थे।



### शरद पवार को विधानसभा चुनाव में जीत का भरोसा

**पुणे (भाषा)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को विश्वास जताया कि इस साल होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी राज्य की सत्ता में लौटेगी। पवार ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो राज्य के किसानों के मुद्दों का समाधान करेगी। राकांपा के नेता ने पुणे जिले की बारामती तहसील में नीरा वगाज गांव में किसानों से बातचीत के दौरान यह बात कही।



### वायु प्रदूषण से 2021 में दुनिया में 81 लाख, भारत में 21 लाख ने गंवाई अपनी जान : रिपोर्ट



**नई दिल्ली (भाषा)।** वायु प्रदूषण के कारण वर्ष 2021 में दुनिया भर में 81 लाख लोगों की मौत हुई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत और चीन में मौत के क्रमशः 21 लाख और 23 लाख मामले दर्ज किए गए। यूनिसेफ के साथ साझेदारी में अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' (एचईआई) ने रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कारण 2021 में भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 1,69,400 बच्चों की मौत हुई। इसके साथ ही नाइजीरिया में 1,14,100 बच्चे, पाकिस्तान में 68,100, इथियोपिया में 31,100 और बांग्लादेश में 19,100 बच्चों की मौत वायु प्रदूषण के कारण हुई। रिपोर्ट में कहा गया कि दक्षिण एशिया में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण है। इसके बाद उच्च रक्तचाप, आहार और तम्बाकू सेवन का स्थान आता है।

## प्रधानमंत्री ने किया यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन

# किताबें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता, नालंदा सिर्फ नाम नहीं, पहचान है, एक सम्मान है : मोदी


### शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का मौका मिला

### मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं

### मोदी ने यूनिवर्सिटी कैंपस में पौधा भी लगाया, कहा, नालंदा का परिसर प्रेरणा देने वाला

**राजगीर (बिहार) (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केन्द्र सरकार आधुनिक, अनुसंधान-उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है। मोदी ने यहां नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए छात्रों से हमेशा जिज्ञासु और साहसी बने रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''नालंदा भारत की शैक्षणिक विरासत और जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रतीक है। यह न केवल भारत के अतीत का पुनर्जागरण है बल्कि कई देशों की विरासत इस स्थान से जुड़ी हुई है।'' उन्होंने कहा,'' हमारी सरकार आधुनिक, अनुसंधान-उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है। मुझे विश्वास है कि हमारा युवा भविष्य में पूरी दुनिया को नेतृत्व प्रदान करेगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि भारत ज्ञान और शिक्षा का वैश्विक केंद्र बने। मोदी ने कहा, '' पिछले 10 वर्ष में औसतन हर हफ्ते देश में एक विश्वविद्यालय खुला है।' नये परिसर का उद्घाटन करने से पहले प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालय के निकट स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'नालंदा महाविहार' का दौरा किया।

### सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही





### प्राचीन नालंदा के अवशेषों का किया अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल प्राचीन नालंदा के खंडहरों का बुधवार को दौरा किया। प्राचीन नालंदा के खंडहरों में मठ और शिक्षण संस्थान के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। इसमें स्तूप, मंदिर, विहार (आवासीय और शैक्षणिक भवन) तथा प्लास्टर, पत्थर और धातु से बनी महत्वपूर्ण कलाकृतियां शामिल हैं। नालंदा भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है।

### पांचवीं शताब्दी में हुई थी विश्वविद्यालय की स्थापना

इस परिसर की स्थापना नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2010 के माध्यम से की गई थी। इस अधिनियम में विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 2007 में फिलीपीन में आयोजित दूसरे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में लिए गए एक निर्णय को लागू करने का प्रावधान किया गया था। नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना पांचवीं शताब्दी में हुई थी जिसने दुनिया भर से छात्रों को आकर्षित किया था।

### नष्ट होने से पहले 800 साल तक फलता-फूलता रहा

विशेषज्ञों के अनुसार, 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किए जाने से पहले यह प्राचीन विश्वविद्यालय 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा। नए विश्वविद्यालय ने 2014 में 14 छात्रों के साथ एक अस्थायी स्थान पर काम करना शुरू किया। विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 2017 में शुरू हुआ। इस विश्वविद्यालय में भारत के अलावा 17 अन्य देशों.. ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई, दारुस्सलाम, कंबोडिया, चीन, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, म्यांमा, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, वियतनाम और थाईलैंड की भागीदारी है। विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को 137 छात्रवृत्तियाँ प्रदान करता है। शैक्षणिक वर्ष 2022-24, 2023-25 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम और 2023-27 के पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए नामांकित अंतरराष्ट्रीय छात्रों में अर्जेंटीना, बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, घाना, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, लाइबेरिया, म्यांमा, मोजाम्बिक, नेपाल, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, दक्षिण सूडान, श्रीलंका, सर्बिया, सिएरा लियोन, थाईलैंड, तुर्किये, युगांडा, अमेरिका, वियतनाम और जिम्बाब्वे के विद्यार्थी शामिल हैं।

### नहीं लिख पाईं सही स्लोगन
## राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने लिखा-बेढी पडाओ, बच्चाव

**धार (एजेंसी)।** केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' स्लोगन ही ठीक से नहीं लिख पाईं। उन्होंने लिखा- बेढी पडाओ, बच्चाव। ठाकुर मोदी कैबिनेट में महिला बाल विकास राज्य मंत्री हैं। मामला धार में मंगलवार का है। यहां तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर को बुलाया गया था। वे इस सरकारी कार्यक्रम में शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाने के लिए पहुंची थीं। इसी रथ के फ्लैक्स पर ठाकुर ने गलत स्लोगन लिखा। मंत्री के गलत स्लोगन लिखने के फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया पर लिखा- जनप्रतिनिधि कैसा होना चाहिए, इसका कोई मापदंड तो तय नहीं है लेकिन कम से कम उसे अक्षर ज्ञान तो होना ही चाहिए।


सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

### खरगे ने लिखा पत्र
## महापुरुषों की प्रतिमाएं मूल स्थान पर लाने का आग्रह

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर आग्रह किया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और कई अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं को उस पुराने स्थल पर फिर से स्थापित किया जाएं जहां से हटाकर उन्हें दूसरे स्थान पर ले जाया गया है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति को संबोधित अपने पत्र में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं की प्रतिमाओं को बिना किसी परामर्श के ''मनमाने ढंग से'' एक अलग कोने में स्थानांतरित कर दिया गया है और यह लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। उनका कहना है, ''मैं सबसे पहले इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि इन मूर्तियों को मनमाने ढंग से, बिना किसी परामर्श के हटाना, हमारे लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है।



## जेपी नड्डा द्वारा गठित जांच टीम ने बंगाल में हिंसा पीड़ित लोगों से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

सांसद एवं त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी पोषित हिंसा ने जो तांडव मचाया है उससे मानवता भी शर्मसार हुई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा गठित चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम ने राज्यपाल डा. सीवी आनंद बोस से भी मुलाकात की और टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई बर्बरता के बारे में अवगत कराया। बिप्लब कुमार देब की अगुवाई में गठित टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार शामिल हैं। राजनीतिक हिंसा का शिकार हुए लोगों से मिलने के बाद बिप्लब देब ने कहा कि भाजपा को वोट देने और समर्थन करने वाले कार्यकर्ताओं पर टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने कहर बरसाया है। संदेशखाली में भाजपा कार्यकर्ताओं की दुकानों और अन्य व्यवसायों को जबरदस्ती बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को पानी भी नहीं लेने दिया जा रहा है। बिप्लब देब ने कहा कि जनता को ममता बनर्जी और उनकी पुलिस से कोई उम्मीद नहीं है। हम अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ खड़े हैं और न्याय दिलाकर रहेंगे।

- **बिप्लब देब बोले, टीएमसी पोषित हिंसा ने जो तांडव मचाया है, उससे मानवता हुई है शर्मसार**
- **महिला सीएम होने के बाद भी हो रहे महिलाओं पर अत्याचार**

## गुजरात हाईकोर्ट ने मांगी, मोरबी हादसे की रिपोर्ट

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात उच्च न्यायालय ने बुधवार को राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह मोरबी नगरपालिका के पदाधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे, क्योंकि हादसे की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अक्टूबर 2022 में एक पुल के ढहने के बाद की चूक को उजागर किया था। इस पुल हादसे में 135 लोग मारे गए थे। खंडपीठ ने कहा कि एसआईटी द्वारा मोरबी नगरपालिका के तत्कालीन मुख्य अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों की चूक को उजागर करने के बाद सरकार ने अभी तक 'कार्रवाई रिपोर्ट' (एटीआर) प्रस्तुत नहीं की है। इस बीच, पुल हादसे में अपने दो रिश्तेदारों को खोने वाले एक व्यक्ति ने ब्रिटिश काल में निर्मित इस संरचना की मरम्मत और जीर्णोद्धार तथा व्यक्तिगत मुआवजे के निर्देश देने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।


## कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक।

### विज्ञप्ति

इस कार्यालय के द्वारा दिनांक 05.06.2024 को समाचार पत्रों के माध्यम से 41 प्रशिक्षुओं के चयन हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिस हेतु इच्छुक प्रार्थी अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 05.06.2024 से 11.06.2024 तक आनॅलाईन करवा सकते हैं। दिनांक 05.06.2024 से पहले व दिनांक 11.06.2024 को रात्रि 12 बजे के बाद किया गया रजिस्ट्रेशन मान्य नहीं होगा। सफल शिक्षुओं का चयन आई०टी०आई० के मार्कशीट की मैरिट के आधार पर किया जाना था। **अब कार्यालय द्वारा प्रशिक्षुओं के पोर्टल पर आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को दिनांक 24.06.2024 किया जाता है।** अतः प्रशिक्षुओं के द्वारा दिनांक 05.06.2024 से 24.06.2024 तक किए गए आनलाईन आवेदन को स्वीकार किया जाएगा। आनलाईन आवदेन प्राप्त होने उपरान्त प्रशिक्षुओं को दस्तावेजों को चैक करवाने हेतू दिनांक 26.06.2024 को रोहतक आगार की कर्मशाला में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। जिन प्रशिक्षुओं के दस्तावेज दिनांक 14.06.2024 को कार्यालय में जमा हो चुके हैं उन्हें पुनः दस्तावेज जमा करवाने की आवश्यकता नहीं हैं। मूल दस्तावेज चैक करने उपरान्त सूची अनुसार चयनित रिक्त पड़े पदों के विरूद्ध सफल प्रार्थियों को यथाशीघ्र शिक्षुता हेतु लगा लिया जाएगा। प्रशिक्षुओं के पदों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है। (www.appernticeshipindia.org)

-Sd-
महाप्रबन्धक,
हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक

पीआरडीएच-1119/11/505/2025/26910/88/6 दि. 19.06.24

## दी खातोदडा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. खातोदडा की प्रबन्धक कमेटी के चुनाव हेतु चुनाव कार्यक्रम

**चुनाव तिथि : 21.07.2024**

| क्र.सं. | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नियम 35 के उप नियम 2 के अन्तर्गत मतदाता सूचियों की प्रदर्शनी | 11.06.2024 से 25.06.2024 | प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक | 1. कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, महेन्द्रगढ़ 2. दी खातोदडा पैक्स लि. खातोदडा व बिक्री केन्द्र बुडीन, बलाना, जेरपुर 3. सी. बी. ब्रांच खातोदडा |
| 2. | नियम 35 के उप नियम 4 में वर्णित मतदाताओं की सूची में उठाई गई आपत्तियों की सुनवाई | 01.07.2024 | प्रातः 10.00 बजे से सायं 12:00 बजे तक | कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, महेन्द्रगढ़ |
| 3. | नामांकन पत्र भरना | 05.07.2024 | प्रातः 10.00 बजे से सायं 02.00 बजे तक | कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, महेन्द्रगढ़ |
| 4. | नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल | 08.07.2024 | प्रातः 10.00 बजे से सायं 2.00 बजे तक | कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, महेन्द्रगढ़ |
| 5. | वैध नामांकन पत्रों की सूची | 08.07.2024 | दोपहर 2.00 बजे | कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, महेन्द्रगढ़ |
| 6. | नामांकन पत्रों की वापसी | 15.07.2024 | प्रातः 10.00 बजे से सायं 2.00 बजे तक | कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, महेन्द्रगढ़ |
| 7. | उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह देना व योग्य उम्मीदवारों की सूची लगाना | 15.07.2024 | सायं 4.00 बजे तक | कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, महेन्द्रगढ़ |
| 8. | मतदान होने की तिथि (यदि आवश्यक हो तो) | 21.07.2024 | प्रातः 08.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक | नीचे दिए गए विवरण अनुसार |

**पोलिंग बूथ व स्थान का विवरण**

| नाम पोलिंग स्टेशन | पोलिंग स्थान नं. व बूथ संख्या | गांव जिनके मत डाले जाएंगे | मतदाताओं की क्रम संख्या | | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्यालय दी खातोदडा पैक्स लि. खातोदडा | बूथ नं. 1 | 1. खातोदडा<br>2. ढाढोत<br>3. बलायचा<br>4. निम्बेहडा<br>5. पहाडवास | 01 से 362<br>363 से 645<br>647 से 858<br>859 से 1080<br>1081 से 1132 | 362<br>284<br>212<br>222<br>52 | 1132 |
| कार्यालय दी खातोदडा पैक्स लि. खातोदडा बिक्री केन्द्र बलाना | बूथ नं. 2 | 1. बलाना<br>2. राजावास<br>3. राठीवास<br>4. देवराली | 1133 से 1565<br>1566 से 2058<br>2059 से 2121<br>2122 से 2218 | 433<br>493<br>63<br>97 | 1086 |
| कार्यालय दी खातोदडा पैक्स लि. खातोदडा बिक्री केन्द्र बुडीन | बूथ नं. 3 | 1. बुडीन<br>2. सोहला | 2219 से 2632<br>2633 से 2917 | 414<br>285 | 699 |
| कार्यालय दी खातोदडा पैक्स लि. खातोदडा बिक्री केन्द्र जेरपुर | बूथ नं. 4 | 1. मांडोला<br>2. जेरपुर<br>3. उष्मापुर | 2918 से 3400<br>3401 से 3668<br>3669 से 3860 | 283<br>268<br>192 | 943 |

नोट : सभी मतदाता अपना वोट डालने के लिये अपना पहचान-पत्र व आधार कार्ड साथ लेकर आए।

हस्ता/- निर्वाचन अधिकारी-कम-सहायक रजिस्ट्रार
सहकारी समितियां, महेन्द्रगढ़


## कश्मीर में योग दिवस से पहले कई कार्यक्रम हुए आयोजित प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को करेंगे मुख्य समारोह का नेतृत्व

**श्रीनगर (भाषा)।** कश्मीर घाटी में बुधवार को योग दिवस कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई और 21 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में होने वाले मुख्य समारोह से पहले कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी बृहस्पतिवार को कश्मीर आएंगे और शुक्रवार को सुबह यहां प्रसिद्ध डल झील के निकट एसकेआईसीसी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य समारोह से पहले शहर और घाटी में कई स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किये गये। उन्होंने बताया कि यहां लाल चौक में



प्रतिष्ठित घंटाघर के पास एक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में छात्रों के एक समूह ने विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने कहा कि दसवें योग दिवस के मौके पर यहां एसकेआईसीसी में एक योग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### कार्यक्रम में शामिल होंगे 7,000 से अधिक लोग

जम्मू-कश्मीर में प्रसिद्ध डल झील के किनारे 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों के 7,000 से अधिक लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में होने वाले समारोह में शामिल होंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यहां होना पूरी घाटी के लिए सम्मान की बात है।

घाटी में कई स्थानों पर इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है।

### जल संकट : आतिशी 21 जून से करेंगी अनशन

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में व्याप्त जल संकट के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है और अगर संकट का समाधान जल्द ही नहीं किया गया तो वह 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा राजधानी के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है इसलिए दिल्ली जल संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, ''कल हरियाणा ने दिल्ली के लिए 613 एमजीडी के बजाय 513 एमजीडी पानी छोड़ा। एक एमजीडी पानी 28,500 लोगों के लिए होता है। इसका अर्थ है कि 28 लाख से अधिक लोगों के लिए पानी नहीं छोड़ा गया।'' आतिशी ने कहा कि लोग एक ओर भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर उन्हें जल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 105 दिनांक 17.06.2024 धारा 346 IPC थाना बहुअकबरपुर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – रचना
**पिता/पति का नाम** – पुत्री हरिचंद
**पता** – गाँव मोखरा पाना श्याम, जिला रोहतक।
**उम्र**- 24 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, काली आंखें, काले बाल ।
**पहनावा** – हरे रंग का लाल सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 17.06.24 को रचना पुत्री हरिचंद निवासी गाँव मोखरा पाना श्याम जिला रोहतक थाना बहुअकबरपुर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। । जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 9896798010

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 259 दिनांक 17.06.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – सविता
**पिता/पति का नाम** – पत्नी महेन्द्र
**पता** – तेज कालोनी रोहतक
**उम्र**- 29 वर्ष
**कद**- 5 फुट 02 ईच
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, पतला फुर्तीला शरीर, दोनों हाथों की कलाई पर चोट निशान, शिक्षा 9 वीं ।
**पहनावा** – पता नहीं।

दिनांक 17.06.2024 को सविता पत्नी महेन्द्र निवासी गांव तेज कालोनी रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 9813830390

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 229 दिनांक 17.06.24 धारा 346 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – सिमरजीत
**पिता/पति का नाम** – पत्नी हरनाम
**पता** – गांव आंवल
**उम्र**- 40 वर्ष
**कद**- 5 फुट 06 ईच
**हुलिया**- रंग सांवला, लंबा चेहरा, काले बाल, काली आंखें।
**पहनावा** – सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 17.06.2024 को सिमरजीत पत्नी हरनाम निवासी गांव आंवल जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9817055611

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 358 दिनांक 17.06.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – जगजीत
**पिता/पति का नाम** – पुत्र सतपाल
**पता** – गांब कबूलपुर, जिला रोहतक
**उम्र**- 21 वर्ष
**कद**- 5 फुट 10 ईच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, शिक्षा 12 वीं पास ।
**पहनावा** – नीले रंग की टी-शर्ट और खाकी पजामी पहने हुए।

दिनांक 17.06.2024 को जगजीत पुत्र सतपाल निवासी गांव कबूलपुर रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416175951

पीआरडीएच-1084/11/2446/2025/26909/88/6 दि. 19.06.24



## DISTRICT OFFICE HAFED NARNAUL

Hafed Complex, Nizampur Road, Narnaul-123001(Haryana)
01282-257233 (email: dmhfdnrl@hry.nic.in)

### E-Tender

**Hafed invites online bids from reputed financially sound and experienced labour and transport contractors for labour/cartage and transportation work of fertilizer of Narnaul, Mahendergarh, Kanina, Ateli and Nangal Choudhary centers. Handling and transportation/distribution of food-grains under Anganwari Scheme and MDM scheme for Mahendergarh district for the period from 01.07.2024 to 31.03.2025 as per scheduled given below:-**

| S. No. | Particulars | For Fertilizer Tender | For Anganwari scheme | For MDM scheme |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Online submission of bids. Online submission of EMD, Tender Fee & e Service | From 21.06.2024 (12.00 AM) to 02.07.2024 ( 5.00 PM) | From 21.06.2024 (12.00 AM) to 02.07.2024 ( 5.00 PM) | From 21.06.2024 (12.00 AM) to 02.07.2024 ( 5.00 PM) |
| 2 | Opening of technical bid & checking of documents | On dated 03.07.2024 at 10:00 AM | On dated 03.07.2024 at 10:00 AM | On dated 03.07.2024 at 10.00 AM |
| 3 | Opening of Financial bid. | On dated 03.07.2024 at 2.00 PM. | On dated 03.07.2024 at 2.00 PM. | On dated 03.07.2024 at 2.00 PM. |

**The tender documents containing terms and conditions are available at Haryana single e-procurement portal at https//etenders.hry.nic.in. All the bidders are required to get registered on e-tendering portal https//etenders.hry.nic.in for applying online e-tender. Technical & Financial bid will be opened by the committee in the office of District Manager, Hafed, Narnaul as per dates given above and negotiations will also be held as per terms and conditions of tender documents respectively. Tender committee reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.**

**District Manager, Hafed, Narnaul**



## भोपाल में एक साथ बनाए गए दो ग्रीन कॉरिडोर

# चार मिनट में 3.5 किमी दूरी तय कर पहुंचाया लिवर, 13 मिनट में 17 किमी पहुंचाई किडनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में बुधवार को एक ब्रेन डेड पेशेंट का लिवर और किडनी डोनेट करने के लिए दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। सागर के रहने वाले महेश नामदेव (53) को ब्रेन हेमरेज के ट्रीटमेंट के लिए 5 दिन पहले सिद्धांता रेडक्रॉस हॉस्पिटल लाया गया था। इलाज के दौरान ब्रेन में ज्यादा ब्लीडिंग होने से वे कोमा में चले गए। मंगलवार को ब्रेन डेड हो गए।

इसके बाद परिजनों ने उनका लिवर और किडनी डोनेट करने का फैसला किया। लिवर बंसल हॉस्पिटल और किडनी चिरायु हॉस्पिटल ट्रांसप्लांट के लिए ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक बंसत कौल ने 'हरिभूमि' को बताया पहले कॉरिडोर से बंसल हॉस्पिटल के लिए एक टीम दोपहर करीब 2.30 बजे लिवर लेकर सिद्धांता हॉस्पिटल से रवाना हुई। चार मिनट में 3.5 किमी का सफर तय कर लिया गया। दूसरी टीम 2.35 बजे किडनी लेकर चिरायु मेडिकल कॉलेज के लिए निकली। 17 किमी की दूरी 13 मिनट में तय की गई। किडनी का ट्रांसप्लांट सिद्धांता हॉस्पिटल में एक मरीज को किया जाना है।

*लिवर बंसल हॉस्पिटल और किडनी चिरायु हॉस्पिटल ट्रांसप्लांट के लिए ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।*





### महेश जला गए तीन नई जीवन जोत

#### जिस दिन छुट्टी होनी थी उसी दिन ब्रेन हेमरेज

नामदेव के बेटे सचेंद्र नामदेव ने बताया हम लोग सागर के रहने वाले हैं। उन्हें सागर के भाग्योदय अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर्स ने बताया कि हार्ट अटैक आया है। हम उन्हें लेकर भोपाल के सिद्धांता अस्पताल आ गए। यहां उनकी एंजियोप्लास्टी हुई। दो-तीन दिन ठीक रहे। जिस दिन छुट्टी होनी थी उसी दिन ब्रेन हेमरेज हो गया।

#### नेशनल टिशू एंड ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन ने दी थी मंजूरी

सिद्धांता रेडक्रास हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुबोध वार्ष्णेय ने बताया कि सागर के रहने वाले 53 वर्षीय महेश नामदेव हार्ट अटैक से ठीक हो गए थे। प्रोटोकॉल के तहत मेडिकल एक्सपर्ट की कमेटी ने मरीज महेश नामदेव को ब्रेन डेड घोषित किया। साथ ही नेशनल टिशू एंड ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन को पेशेंट की रिपोर्ट भेजी गई। ऑर्गेनाइजेशन ने मरीज का लिवर बंसल हॉस्पिटल में भर्ती मरीज को, एक किडनी चिरायु हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज और एक किडनी सिद्धांता रेडक्रास हॉस्पिटल में भर्ती मरीज को ट्रांसप्लांट करने की मंजूरी दी है।

---

## खबर संक्षेप




### टाटा मोटर्स बढ़ाएगी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने जिंस कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एक जुलाई, 2024 से अपने वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि जिंस कीमतों में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी की वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में ये बढ़ोत्तरी एक जुलाई से वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी।

### बस खंभे से टकराकर गड्ढे में गिरी, 2 की मौत



**खरगोन।** जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में सुबह निजी बस और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस एक बिजली के खंभे से टकराकर गड्ढे में गिर गई। हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई जबकि 44 यात्री घायल हो गए। मृतकों की शिनाख्त अनवर निवासी खरगोन और आशाबाई (32) निवासी मेनगांव के रूप में हुई है। एसडीओपी मनोहर सिंह गवली के अनुसार निजी यात्री बस खरगोन से इंदौर के लिए जा रही थी।

### मथुरा में भीषण सड़क हादसे में 3 की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां कार ने एक बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रामफोसा ने अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल की शपथ ली

**जोहानिसबर्ग (भाषा)।** सिरिल रामफोसा ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। उनकी पार्टी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) पिछले महीने हुए चुनाव में बहुमत हासिल नहीं कर पायी थी। पिछले महीने हुए चुनावों में रामफोसा की एएनसी ने 30 साल में पहली बार अपना संसदीय बहुमत खो दिया।

---

**केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले**

# महाराष्ट्र को मिलेगा देश का 13वां बंदरगाह, 12 लाख को रोजगार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इसके अलावा ग्रीन एनर्जी के द्वार खोले गए हैं। वाराणसी में एयरपोर्ट का विस्तार होगा। 2 लाख गोदाम बनाने का लक्ष्य तय किया है। 76200 करोड़ से सरकार पालघर के वधावन पोर्ट का विस्तार करेगी। वधावन में बनने वाला यह बंदरगाह दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक होगा।

इससे 12 लाख को रोजगार मिलेगा। हर राज्य में फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का कैंपस होगा। इस अवसर पर बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ३प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत को महाराष्ट्र के वधावन में अपना 13वां प्रमुख बंदरगाह मिलने वाला है।'उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक बंदरगाह नए भारत का इंजीनियरिंग चमत्कार बनने जा रहा है, जो आर्थिक वृद्धि को गति देने के साथ इसके समुद्री क्षेत्र को दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शामिल करने के लिए प्रेरित करेगा।

### नौ कंटेनर टर्मिनल होंगे

वधावन पोर्ट पर सरकार 76200 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इससे पोर्ट की क्षमता का विस्तार किया जाएगा।



पोर्ट एंड शिपिंग सेक्टर के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। पालघर के वधावन पोर्ट पर सरकार 76200 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इससे पोर्ट की क्षमता का विस्तार किया जाएगा। इसकी क्षमता 298 मिलियन टन यूनिट हो जाएगी। इसके लिए हर स्टेक होल्डर से बात की गई है। इसके डिजाइन में बदलाव किया गया है। इससे 12 लाख रोजगार के मौके पैदा होंगे। इससे इंडिया मिडिल ईस्ट कॉरिडोर मजबूत होगा। यहां 9 कंटेनर टर्मिनल होंगे और मेगा कंटेनर पोर्ट होगा। कोस्ट गार्ड का एक बर्थ होगा, जबकि फ्यूल का अलग बर्थ होगा और दूसरे कंटेनरों के लिए भी बर्थ बनाए जाएंगे। इसका पहला चरण 2029 में पूरा होगा। बनने के बाद यह पोर्ट दुनिया के टॉप 10 पोर्ट में से एक होगा।

### मोदी के संसदीय क्षेत्र को तोहफा वाराणसी ग्रीन एयरपोर्ट बनेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को बड़ा तोहफा मिला है। वाराणसी एयरपोर्ट की क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। यह काम लगभग पूरा हो गया है। वहां से 39 लाख यात्री हर साल सफर कर पाएंगे। सरकार अब वहां एक नया टर्मिनल बनाने जा रही है। रनवे, हाईवे और अंडरपास बनाया जाएगा। इस पर सरकार 2870 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। भारत की संस्कृति को दर्शाते हुए इसका विकास होगा और इसे ग्रीन एयर पोर्ट बनाया जाएगा।

### फोरेंसिक बुनियादी ढांचे के लिए 2,254 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी

*सरकार ने देश में फोरेंसिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 2254.43 करोड़ रुपये की योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी, जिसमें नए परिसरों और प्रयोगशालाओं की स्थापना शामिल है। बैठक में राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना (एनएफएलईएस) को मंजूरी दी गई, जिसका कुल वित्तीय परिव्यय 2254.43 करोड़ रुपये है।*

### गुजरात, तमिलनाडु में पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 7,453 करोड़ रुपये मंजूर

*मंत्रिमंडल ने अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं को व्यवहारिक बनाने के लिए 7,453 करोड़ की वित्तपोषण योजना (वीजीएफ) को मंजूरी दी। इस योजना के तहत गुजरात और तमिलनाडु के तट पर 500-500 मेगावाट की अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना व क्रियान्वयन के लिए 6,853 करोड़ रुपये का परिव्यय तथा इनकी लॉजिस्टिक जरूरतों को पूरा करने के लिए दो बंदरगाहों के उन्नयन के लिए 600 करोड़ रुपये का अनुदान शामिल है।*

---

**अब तक 29 की मौत, 3000 से अधिक लोग प्रभावित**

**सिक्किम**





### असम, मेघालय और सिक्किम में बारिश ने मचाई

**शिलांग/गंगटोक।** मेघालय पुलिस ने जोंवाई-बदरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्देश दिया है। मेघालय के लुम्सनॉग में बाढ़ और कुलियांग में विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण राजमार्ग की स्थिति जर्जर हो चुकी है। मेघालय पुलिस ने एक नोटिफिकेशन के जरिए यह आदेश जारी किया। सिक्किम में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है। सिक्किम में लगातार बारिश का असर बंगाल और विशेष रूप से तीस्ता नदी पर पड़ा है।

---

### एनएचआरसी ने अमेजॉन के गोदाम में 'श्रमिक विरोधी चलन' को लेकर केंद्र को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मानेसर में अमेजॉन इंडिया कंपनी के एक गोदाम में कथित तौर पर ३श्रमिक विरोधी गतिविधियों३ को लेकर केंद्र को नोटिस जारी किया है। एनएचआरसी ने कहा कि उसने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि मानेसर में बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में 24 वर्षीय एक कर्मचारी को शपथ दिलायी गई कि अपनी टीम के 30 मिनट के चाय ब्रेक के बाद, जब तक वे 24 फुट लंबे छह ट्रकों से सारे सामान नहीं उतार लेते, तब तक शौचालय या पानी के लिए ब्रेक नहीं लेंगे। गोदाम में कार्यरत महिला कर्मचारी ने कथित तौर पर कहा कि कार्यस्थल पर शौचालय की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।

### कश्मीर में मुठभेड़: 2 आतंकी किए ढेर

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला के हादीपोरा में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।



अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने सुबह हादीपोरा के वाटरगाम में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। सुरक्षाबलों ने दो आतंकी मार गिराए। वहीं, स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। हादीपोरा में पुलिस और सेना की जॉइंट टीम ने आतंकियों को ढूंढ़ने के लिए एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों के छिपने की जगह तक पहुंचे, आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी।

### राशन घोटाले में ईडी ने बांग्ला अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता से 5 घंटे पूछताछ की

**कोलकाता (भाषा)।** बांग्ला अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता से करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में जारी जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पूछताछ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांच घंटे से अधिक समय तक चली पूछताछ के दौरान सेनगुप्ता से पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछा गया, जिन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभिनेत्री से यह भी पूछा गया कि क्या मलिक के मंत्री रहते हुए उनके कार्यालय और राज्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के बीच कोई वित्तीय लेनदेन हुआ था। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, "हमने उनके बैंक खातों के माध्यम से किए गए लेनदेन सहित कुछ विवरणों का भी सत्यापन किया है। उन्होंने कुछ दस्तावेज जमा किए हैं, जिनका भी सत्यापन किया जाएगा।" पूछताछ के बाद सेनगुप्ता ने दावा किया कि कथित अनियमितताओं से उनका कोई संबंध नहीं है। ईडी कार्यालय से निकलते समय उन्होंने कहा, "मैंने उनके साथ पूरा सहयोग किया है। मैंने उन्हें आवश्यक दस्तावेज मुहैया कराए हैं।

- **बैंक खातों के माध्यम से किए गए लेनदेन सहित कुछ विवरणों का भी सत्यापन किया**

### साउथ एक्टर दर्शन ने कबूला कत्ल का जुर्म

**चेन्नई।** साउथ की फिल्मों के सुपरस्टार दर्शन तुगुदीपा ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस के सामने कबूल किया है कि उसने रेणूका स्वामी की



हत्या के इस मामले को दबाने के लिए आरोपियों को 30 लाख रुपए दिए थे। अब दर्शन के बयान ने इस बात की तस्दीक कर दी है। इस बीच दर्शन के मैनेजर की भी मौत हो गई है। इसका भी उसी पर हत्या का संदेह है।

---

**टीम ने राज्यपाल को दी पूरी जानकारी**

### भाजपा अध्यक्ष द्वारा गठित जांच टीम ने बंगाल में हिंसा पीड़ितों से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद एवं त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लव कुमार देब ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी पोषित हिंसा ने जो तांडव मचाया है उससे मानवता भी शर्मसार हुई है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिला हैं उस राज्य में महिलाएं ही सुरक्षित नहीं हैं और राजनीतिक हिंसा का शिकार हो रही हैं।

देब ने कहा कि कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र की अनुसूचित जाति की एक महिला भाजपा कार्यकर्त्ता के साथ हुए बलात्कार ने इंसानियत को तार-तार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा गठित चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम ने राज्यपाल डा. सीवी आनंद बोस से भी मुलाकात की और टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई बर्बरता के बारे में अवगत कराया।

बिप्लव कुमार देब की अगुवाई में गठित टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार शामिल हैं।

राजनीतिक हिंसा का शिकार हुए लोगों से मिलने के बाद बप्लिब देब ने कहा कि भाजपा को वोट देने और समर्थन करने वाले कार्यकर्ताओं पर टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने कहर बरसाया है।

**शुरुआती जांच रिपोर्ट में हकीकत आई**

### एडवाइजरी से इतर मालगाड़ी की चौगुनी रफ्तार बनी कंचनजंगा एक्सीडेंट का कारण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी ट्रेन के बीच हुए एक्सीडेंट की शुरूआती जांच रिपोर्ट ये बात सामने आई है कि मालगाड़ी की स्पीड चार गुना अधिक थी। जब कि उस सेक्शन में एक सिग्नल में खराबी आने की वजह से ड्राइवर को पेपर लाइन क्लियर टिकट के मार्फत ये ताकीद की गई थी कि अगर रास्ता साफ मिले तो 15 किमी की अधिकतम स्पीड लिमिट रखनी है कि और अगर रास्ता क्लियर न मिले तो किसी भी कीमत पर ट्रेन की स्पीड 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक नहीं होनी चाहिए। ये बात अलग है कि अलग अलग रेल विशेषज्ञ ऐसी रिपोर्ट से इत्तफाक नहीं रखते। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी पटरी पर अगर काम चल रहा हो, या सग्निल में कोई खराबी आई हो तो एक ही ट्रैक पर दो गाडियों की आवाजाही सौ फीसदी बंद होनी चाहिए। देर से माल पहुंचे या यात्री, जरूरी ये है कि सुरक्षित अपने गंतव्य तक की यात्रा हो। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से उसी पटरी पर धडधडाती हुई मालगाड़ी ठोक दिया था जिसके कारण अब तक 10 यात्रियों की जान चली गई है जिसमें मालगाड़ी का एक ड्राइवर भी शुमार हैं।

### उप राष्ट्रपति ने वाद्य यंत्र बजाया



भोपाल। उप राष्ट्रपति धनखड़ और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाया और थिरकते नजर आए।

---

**नड्डा-शाह की मौजूदगी में कोर ग्रुप की बैठक**

### भाजपा हाईकमान ने किया महाराष्ट्र पर मंथन, वर्तमान टीम में नहीं परिवर्तन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा महाराष्ट्र में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में कोई बदलाव नहीं करेगी। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले अपने पद पर बने रहेंगे। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर भाजपा, शिवसेना और एनसीपी गठबंधन महायुति की हार के बाद चर्चा थी कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा हाईकमान कुछ बड़े वर्तमान चेहरों को किनारे कर पार्टी के दूसरे नेताओं को चुनाव की बागडोर सौंप सकती है।

#### बैठक में यह रहे मौजूद

नई दिल्ली में मंगलवार देर शाम तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई महाराष्ट्र भाजपा कोर कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा, विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई साथ ही वर्तमान टीम पर भरोसा जताते हुए आगे बढ़ने का फैसला किया गया। बैठक में नड्डा और शाह के अलावा राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल,महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, पंकजा मुंडे सहित कई नेता मौजूद रहे।

**जून के अंत तक पूरा हो जाएगा अपग्रेडेशन का काम**

# अब 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर नहीं होगा हादसों का शिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने भारतीय थल सेना के लिए 90 और भारतीय वायुसेना के लिए 66 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है। माना जा रहा है कि 156 प्रचंड हेलिकॉप्टर्स की तैनाती चीन और पाकिस्तान की सीमा पर की जाएगी। मल्टी मिशन एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के मुकाबले रक्षा मंत्रालय तीनों सेनाओं के लिए मल्टी रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स को प्राथमिकता दे रहा है। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने इससे पहले सात मार्च को 35 एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर्स के लिए एचएएल को आरएफपी जारी किया था, जिनमें से 25




भारतीय सेना को और 9 भारतीय तटरक्षक बल को मिलने थे। सैन्य सूत्रों का कहना है एएलएच में डिजाइन संबंधी कुछ खामियां हैं, जिन्हें इस महीने के आखिर तक दुरुस्त कर लिया जाएगा। जून के अंत तक पूरा हो जाएगा अपग्रेडेशन का काम रक्षा सूत्रों के मुताबिक एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर्स ध्रुव बेड़े के जरूरी सेफ्टी अपग्रेड का काम पूरी होने वाला है। वहीं उनमें अपग्रेडेड नियंत्रण प्रणाली लगाई है, जिससे उनकी उड़ने की क्षमता में सुधार होगा। डिजाइन संबंधी समस्या के चलते ध्रुव फ्लीट को पिछले वर्ष कई बार उड़ान से रोकना पड़ा था, क्योंकि लगातार हो रहे हादसों की वजह से उसकी उड़ानों के सुरक्षा रिकॉर्ड पर सवाल उठने लगे थे। सूत्र बताते हैं कि हेलीकॉप्टर के बूस्टर कंट्रोल रॉड्स के डिजाइन का रिव्यू किया गया, जिसके बाद प्रत्येक ध्रुव में नई रॉड्स लगाई गईं। सभी हेलीकॉप्टरों में कंट्रोल रॉड्स बदलने का काम पूरा हो चुका है। वहीं अन्य दो रॉड्स (लेटरल और लॉन्गिट्यूडनल) को बदलने का काम चल रहा है, जिसके जून के अंत तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। इन रॉड्स के पूरी तरह से बदले जाने के बाद फ्लाइट सेफ्टी में सुधार होगा।

#### हादसों के चलते रोकनी पड़ीं उड़ानें

रक्षा सूत्रों के मुताबिक पिछले पांच वर्षों के दौरान मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर के तकरीबन 12 हादसे हो चुके हैं। पिछले साल भी एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर्स (एएलएच) ध्रुव के एक के बाद एक हादसे हुए थे। जिसके चलते कई बार ध्रुव की उड़ानें रोकनी पड़ीं। इन खामियों को दूर किया जा रहा है। पिछले साल हुईं दुर्घटनाओं की जांच में यह बात सामने आई है कि उसके डिजाइन में कुछ दिक्कतें पाई गई हैं। 2022 से लेकर अब तक एचएएल 326 ध्रुव हेलीकॉप्टर्स को निर्माण कर चुका है। इनमें से भारतीय वायुसेना के पास 107, भारतीय सेना के पास 191 और भारतीय नेवी के पास 14 हेलिकॉप्टर्स हैं। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने इससे पहले इसी साल सात मार्च को अतिरिक्त 35 एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर्स के लिए एचएएल को आरएफपी जारी किया था, जिनमें से 25 भारतीय सेना को और 9 भारतीय तटरक्षक बल को मिलने थे।